वर्ष 13, अंक 261
गैरसैंण
सोमवार
30 जनवरी 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969   e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये

# भारतीय महिलाओं ने पहली बार कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता

## फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप जीत लिया है। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने इंग्लैंड ने सात विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय महिलाओं का आईसीसी ट्रफी जीतने का सपना पूरा हो गया। भारत की महिला टीम ने पहली बार कोई आईसीसी ट्रफी जीती है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर 68 रन बनाए थे। टीम इंडिया ने यह आसान लक्ष्य 14 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत ने पहला महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अपने नाम किया।

इस मैच में पहले भारतीय गेंदबाजों ने कमाल किया और इंग्लैंड को 68 रन पर समेट दिया। तितास साधु, अर्चना देवी और पार्श्वी ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, बल्ले के साथ सौम्या तिवारी और गोंगडी त्रिशा ने कमाल किया। दोनों ने 24-24 रन बनाए।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। तितास साधु ने मैच की चौथी गेंद में ही लिबर्टी हेप को पवेलियन भेज दिया। वह अपना खाता भी नहीं खोल सकीं। साधु ने अपनी ही गेंद पर लिबर्टी का कैच पकड़ा। इसके बाद कप्तान ग्रेस और फियोना हलैंड ने इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन चौथे ओवर में अर्चना देवी ने दोनों को आउट कर इंग्लैंड को बैकफुट में डाल दिया। ग्रेस चार और हलैंड 10 रन बनाकर आउट हुईं।



16 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद इंग्लैंड की टीम दबाव में आ गई और इसका फायदा उठाकर भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट लिए। 22 रन के स्कोर पर इंग्लैंड का चौथा विकेट गिरा। सेरेन को तितास साधु ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद चौरिस पैवले और मैकडोनाल्ड ने 17 रन की साझेदारी की। पैवले के आउट होने के साथ ही इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन लौट गई। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट निकाले और इंग्लैंड की टीम को 68 रन पर समेट दिया।

इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 19 रन मेकडोनाल्ड ने बनाए। वहीं, एलेक्सा स्टोनहाउस और सोफिया ने 11 रन की पारियां खेलीं। हलैंड ने भी 10 रन बनाए। इन चारों के अलावा इंग्लैंड की कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं टू पाई। भारत के लिए तितास साधु, अर्चना देवी और पार्श्वी चोपड़ा ने दो-दो विकेच लिए। वहीं, मन्नत कश्यप, शेफाली वर्मा और सोनम यादव को एक-एक विकेट मिला।

शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और श्वेता सेहरावत जैसी स्टार खिलाड़ियों से भरी टीम इंडिया के लिए 69 रन का लक्ष्य बहुत आसान था, लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार शुरुआत की। भारतीय पारी के तीसरे ओवर में कप्तान शेफाली 15 रन बनाकर आउट हो गईं। अगले ही ओवर में श्वेता सेहरावत भी पांच रन बनाकर आउट हो गईं। 20 रन के अंदर भारत ने अपने दो सबसे अहम बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे। श्वेता इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं, जबकि शेफाली तीसरे स्थान पर हैं।

दो विकेट जल्दी गिरने के बाद भारतीय टीम दबाव में आ गई थी, लेकिन सौम्या तिवारी और गोंगडी त्रिशा की जोड़ी ने बेहतरीन साझेदारी की। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। हालांकि, गोंगडी त्रिशा भारत की जीत से ठीक पहले आउट हो गईं। उन्होंने 29 गेंद में 24 रन बनाए। अंत मे सौम्या तिवारी ने मैच खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद में नाबाद 24 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए हेना बेकर, ग्रेस स्क्रीवेंस और एलेक्सा स्टोनहाउस ने एक-एक विकेट लिया।

## भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से तंग आ चुकी जनताः हरक

**ऋषिकेश।** पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा के राज में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। आए दिन भर्तियों में घोटाले सामने आ रहे हैं। देश महंगाई और युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। रानीपोखरी के थानो में कोठीमय चक पंचायत की प्रधान रेखा बहुगुणा की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में पहुंचे पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत ने कहा कि अब प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस का होगा, क्योंकि अब जनता भाजपा के राज में भर्ती घोटाले, बेरोजगारी, महंगाई आदि मुद्दों से तंग आ चुकी है। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार धरातल पर कोई विकास कार्य नहीं कर रही हैं। भाजपा राज में डोईवाला क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश में एकता का संदेश दे रही है। कांग्रेस का जनाधार भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों से लोगों को जागरूक करने को कहा। मौके पर रमेश सोलंकी, सागर मनवाल, गौरव सिंह, महेश भट्ट, नितिन रावत, पूर्णानंद तिवारी, धीरेंद्र चौहान, कमल गोला, अब्दुल रज्जाक, शंकर मेहरारू, अजीत पुंडीर, नितिन रावत, रविंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## मारीशस के 350 शिवालयों में गंगाजल से होगा अभिषेक

**ऋषिकेश।** महाशिवरात्रि पर्व पर मारीशस के 350 शिव मंदिरों में तीर्थनगरी ऋषिकेश के गंगाजल से अभिषेक होगा। इसके लिए रविवार को मारीशस से तीर्थाटन के लिए ऋषिकेश आये दल को गंगाजल के साथ रवाना किया गया। रविवार को त्रिवेणी घाट पर शक्ति लीगल कंप्लाइन्स इंडिया के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मेयर अनिता ममगाईं ने मारीशस से तीर्थाटन के लिए ाषिकेश आये दल को गंगाजल के साथ रवाना किया। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि करोड़ों देशवासियों की आस्था का प्रतीक माने जाने जाने वाली गंगा जल से मारिशस के 350 शिवालयों में महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक किया जाना है। मंगल महादेव फाउंडेशन के अध्यक्ष बिशन मगरू और पोर्ट लुईस मारीशस के आग्रह पर और भगत राम शर्मा, राजेश वत्स एवं एसके शर्मा के निर्देश पर 1200 पात्रों में गंगा जल भिजवाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के संतों ने 'वसुधैव कुटुम्ब्कम की भावना प्रबल कर समूचे विश्च्व को एक सूत्र में पिरोया है। गौरव की बात है कि विदेशी नागरिक भी गंगा का महत्व समझने लगे हैं। मौके पर पार्षद रीना शर्मा, चेतन शर्मा, विवेक गोस्वामी, ऋतिक शर्मा, घनश्याम झा, महेंद्र, राजेश, मनोज, अमित, महेश, संजय विजय आदि उपस्थित रहे।

## यूपीसीएल ने झूलाघाट में बदले 17 खराब मीटर

**पिथौरागढ़।** नगर के रामलीला मैदान में यूपीसीएल ने शिविर लगाया। इस दौरान उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शनिवार को शिविर का शुभारंभ यूपीसीएल के ईई राजीव चक्रवर्ती ने किया। झूलाघाट के साथ ही बड़ी संख्या में कानडी, गेठीगडा आदि क्षेत्रों के उपभोक्ता अपनी समस्याएं लेकर शिविर में पहुंचे। उपभोक्ताओं ने मीटर में आ रही समस्या को अधिकारियों के समक्ष रखा।

फर्जी डॉक्टर मामला

## भारतीय चिकित्सा परिषद के पूर्व अधिकारियों से भी होगी पूछताछ, 10 साल से चल रहा था खेल

**देहरादून ।** फर्जी डॉक्टर मामले में पुलिस भारतीय चिकित्सा परिषद के पूर्व अधिकारियों से भी पूछताछ करेगी। कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से ही फर्जी डक्टरों का रजिस्ट्रेशन परिषद में कराया गया था। यह काम 10 साल से चल रहा था। ऐसे में बहुत से अधिकारी और कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

बता दें कि एसटीएफ ने मामला सामने आने के बाद सबसे पहले परिषद के अधिकारियों से जानकारी मांगी थी, लेकिन कुछ अधिकारियों ने जानकारी देने से इनकार कर दिया। बार-बार पत्राचार भी किया गया, लेकिन उत्तर नहीं मिला। अब जांच पुलिस टीम कर रही है।

पुलिस ने भी अपने स्तर से काफी जांच कर ली है। सामने आ रहा है कि 10 साल पहले इस तरह के रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की गई थी। इसमें मिलीभगत के काफी साक्ष्य भी पुलिस को मिल चुके हैं। ऐसे में जल्द ही इन अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी।

इमलाख मुजफ्फरनगर का हिस्ट्रीशीटर है। साथ ही कुछ साल पहले उसके खिलाफ गैंगस्टर में भी कार्रवाई की गई थी। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने उसकी 25 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त करने के आदेश भी दिए थे, लेकिन इमलाख अपनी पहुंच और चालाकी से मामले में स्टे पा चुका है। अब उसकी संपत्तियों की जांच देहरादून पुलिस भी कर रही है। एसपी क्राइम ने बताया कि इमलाख और उसके भाई की करा- ेड़ों की संपत्तियों का पता चल चुका है। ऐसे में जिला प्रशासन मुजफ्फरनगर से दोबारा उसकी संपत्तियों को जब्त कराने की अपील की जाएगी।

## पीएम मोदी को लगता है कि चीन ने हमारी जमीन नहीं लीः राहुल

**श्रीनगर , एजेंसी।** श्रीनगर में प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चीन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि सिर्फ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगता है कि चीन ने देश की जमीन नहीं हड़पी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री देश के एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें लगता है कि चीनियों ने भारत से कोई जमीन नहीं ली है। आगे राहुल ने कहा कि उनसे आसाम के लोग और लद्दाख के लोग मिले हैं, जिन्होंने इस पर उनसे चर्चा की। एक लद्दाखी प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि 2000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र को चीन ने हड़प लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई पेट्रोलिंग पइंट जो भारत में हुआ करते थे अब चीनी के हाथों में हैं।राहुल गांधी ने कहा कि सरकार पूरी तरह से इससे इंकार कर रही है। यह खतरनाक है और यह चीन को और अधिक आक्रामक चीजें करने के लिए और अधिक आत्मविश्वास देगा।

## अखिलेश यादव की नई टीम घोषित, शिवपाल, स्वामी प्रसाद, आजम खां सहित 14 लोग बनाए गए राष्ट्रीय महासचिव

**लखनऊ, एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने केठीक चार माह पूरा होने पर रविवार को अखिलेश यादव ने 62 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसमें किरनमय नंदा उपाध्यक्ष और प्रो रामगोपाल यादव प्रमुख महासचिव पद पर बरकरार हैं। शिवपाल सिंह यादव एवं स्वामी प्रसाद मौर्य सहित 14 लोगों को प्रमुख महासचिव बनाया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अति पिछड़े वर्ग की भागीदारी बढ़ी है।



सपा के 29 सितंबर को हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में अखिलेश यादव को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था। रविवार को उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए ज्यादातर पुराने चेहरों पर भरोसा जताया है। वर्ष 2017 में बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 90 फीसदी चेहरों को दोबारा मौका मिला है। इतना जरूर है कि पिछली बार 55 सदस्यीय कार्यकारिणी थी, जिसे इस बार बढ़ाकर 62 सदस्यीय किया गया है। जो लोग पार्टी छोड़कर चले गए हैं, उनकेस्थान पर बसपा से आने वालों को समायोजित किया गया है। कुछ को प्रोन्नति भी दी गई है।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष एवं प्रमुख महासचिव पद पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले 10 महासचिव थे, जिसे बढ़ाकर 14 कर दिया गया है। इसमें मोहम्मद आजम खां, शिवपाल सिंह यादव, रवि प्रकाश वर्मा, बलराम यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, विशंभर प्रसाद निषाद, अवधेश प्रसाद, इंद्रजीत सरोज, रामजीलाल सुमन, लालजी वर्मा, रामअचल राजभर, जो एटोनी, हरेंद्र मलिक, नीरज चौधरी को राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। अभी तक कार्यकारिणी सदस्य रहे सुदीप रंजन सेन को प्रोन्नति देते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पिछली बार 10 राष्ट्रीय सचिव थे, जिसे अब बढ़ाकर 19 कर दिया गया है। इसमें डा.मधु गुप्ता, कमाल अख्तर, दयाराम पाल, राजेंद्र चौधरी, राजीव राय, रामवक्श वर्मा, अभिषेक मिश्रा, जावेद आब्दी, रमेश प्रजापति, पीएन चौहान, आकिल मुर्तजा, अखिलेश कटियार, राम आसरे विश्वकर्मा, तारकेश्वर मिश्रा, हाजी इरफान अंसारी, राजाराम पाल, त्रिभुवन दत्त, वीरपाल यादव और राममूर्ति वर्मा शामिल हैं।

पहले कार्यकारिणी सदस्यों की संख्या 25 थी, जिसे कम करके 21 कर दिया गया है। इसमें जयाबच्चन, रामगोविंद चौधरी, अबू आसिम आजमी, चंद्रपाल सिंह यादव, जावेद अली खान, अरविंद कुमार सिंह, डा. मुकेश वर्मा, ऊषा वर्मा, लीलावती कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, रामदुलार राजभर, संजय विद्यार्थी, ओपी यादव, पवन पांडेय, उज्जवल रमन सिंह, संजय लाठर, राजकुमार मिश्रा, डा. रमेश तोमर, धर्मेंद्र यादव, अक्षय यादव, तेज प्रताप यादव शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या पहले छह थी, जिसे कम करकेचार कर दिया गया है। इसमें अल्ताफ अंसारी, किसान सिंह सैंथवार, व्यासजी गौड़, मौलाना इकबाल कादरी शामिल हैं।

## विंग कमांडर का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए बेलगावी पहुंचा, विमान हादसे में हुए थे शहीद

**कर्नाटक, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में कल बड़ी हवाई दुर्घटना हो गई थी। इस हादसे में लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 क्रैश हो गए थे। यह हवाई दुर्घटना मुरैना के पास हुई थी। जिसमें विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी की मौत हो गई थी। आज विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी का पार्थिव शरीर रविवार की दोपहर को अंतिम संस्कार के लिए बेलगावी पहुंच चुका है।

मुरैना में दोनों लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज-2000 अभ्यास कर रहे थे उसी दौरान यह हवाई दुर्घटना हुई थी। वायुसेना के अनुसार अभ्यास के दौरान दोनों विमान आपस में टकरा गए थे। हवाई दुर्घटना में विंग कमांडर सारथी की मौत हो गई थी जबकि दो अन्य पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे। हनुमंत राव सारथी के पार्थिव शरीर को वायुसेना के एक विशेष विमान से बेलगावी लाया गया था और बाद में उसे गणेशपुर स्थित उनके घर ले जाया जाएगा। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में टैक्टिक्स एंड एयर कम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (टीएसी-डीई) के प्रशिक्षक विंग कमांडर सारथी के आवास पर



मातम छा गया है। उनके अचानक निधन से उनके परिजन व रिश्तेदार में काफी शोक है। विंग कमांडर सारथी की उम्र 35 साल है। विंग कमांडर के परिवार में उनकी पत्नी, तीन साल की बेटी और एक साल का बेटा है। विंग कमांडर हनुमंत राव सारथी के परिवार में सभी रक्षा पृष्ठभूमि से ही आते हैं। सारथी के पिता रेवांसिद्दप्पा सारथी एक सेवानिवृत्त कप्तान रह चुके हैं। तो वहीं भाई प्रवीण सारथी सेवारत ग्रुप कैप्टन हैं। मुनैरा में कल विमान हादसा पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी निरार रोड पर मड़वाली माता के पास हुआ था। पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर विमान का मलबा पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। हादसे की खबर पाते ही प्रशासन घटनास्थल पर पहुंच गया था। दोनों विमानों ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर हवाई ठिकाने से उड़ान भरी थी।

## राज्य में भाजपा की लहर है, पार्टी ने मुद्दे आधारित और विकास की राजनीति कीः बसवराज बोम्मई

**हुबली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कर्नाटक की एक दिवसीय यात्रा पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि इस यात्रा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को शक्ति और उत्साह के साथ प्रेरित किया है।

राज्य में गृह मंत्री की एक दिवसीय यात्रा ने कर्नाटक में कार्यकर्ताओं के बीच अधिक ताकत और उत्साह पैदा किया है । राज्य भर में भाजपा समर्थक लहर है। हम राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ लोगों के सामने जा रहे हैं।ß



रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक के कित्तूर में भाजपा काफी मजबूत रही है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं में अधिक ताकत और उत्साह भरा है। बोम्मई ने कहा, ष्न केवल बड़ी संख्या में मतदान बल्कि उनमें जोश और उत्साह स्पष्ट रूप से भगवा पार्टी की सत्ता में वापसी का संकेत देता है क्योंकि यह बूथ स्तर से मजबूत है और यही उनका आधार और ताकत है।ß

सीएम ने कहा कि शाह ने बेलागवी की बैठक में राज्य के नेताओं को कोई विशेष निर्देश नहीं दिया, लेकिन उन्हें विधानसभा चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा है। कर्नाटक के सीएम ने कहा कि उन्होंने पिछले डेढ़ साल में कभी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है और न ही उन्होंने किसी के बारे में कोई कठोर बयान दिया है। कर्नाटक की राजनीतिक संस्ति व्यक्ति-आधारित या प्रतिशोध-आधारित नहीं है, बल्कि केवल मुद्दे-आधारित और विकास-उन्मुख है।

सीएम ने कहा, ष्हम राज्य और केंद्र सरकार की उपलब्धियों के साथ लोगों के सामने जा रहे हैं और यह उनके अभियान में देखा जा रहा है। बिना किसी टिप्पणी या किसी पार्टी की आलोचना किए, वे केवल प्रदर्शन के आधार पर वोट मांग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हताश हैं और पार्टी के नेता इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। राज्य इस तरह की भाषाएं देख रहा है जो अतीत में कभी इस्तेमाल नहीं की गई थीं।ß

उन्होंने भाजपा नेता बीएल संतोष के कोलार, चिकबल्लापुर, तुमकुर, चित्रदुर्ग, मैसूर, मांड्या, बागलकोट और विजयपुरा में पार्टी संगठन के काम को लेकर किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया। बोम्मई ने कहा, ष्हमारी पार्टी में कोई मतभेद नहीं है और हमारी पार्टी के नेता जो कहते हैं, हम उसका पालन करेंगे। यहां यही हुआ है और बेलगावी में कोई असंतोष नहीं है।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास का निधन

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास नहीं रहे। बात दें कि मंत्री नव किशोर आज दोपहर एक कार्यक्रम के लिए ब्रजराजनगर गए थे, जहां एएसआई गोपाल दास ने उन्हें गोली मार दी थी। उन्हें गंभीर हालत में एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर लाया गया और अपोलो अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल की मेडिकल टीम ने गंभीर रूप से घायल नव दास को बचाने के लिए काफी प्रयास किए लेकिन देर शाम उनका निधन हो गया।



ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नव किशोर दास के निधन की खबर मिलते हीए भुवनेश्वर अपोलो अस्पताल के बाहर विभिन्न पार्टी के नेताओं के साथ उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। निधन की सुचना मिलते ही खुद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पुनरू अपोलो अस्पताल पहुंचे और उनका अंतिम दर्शन किया। वहीं प्रदेश सरकार के तमाम मंत्री एवं नेता अपोलो अस्पताल पहुंचकर दास का अंतिम दर्शन किया है। केवल शासक दल के ही नहीं बल्कि विरोधी दलों के नेता भी अपोलो अस्पताल पहुंचकर मंत्री का अंतिम दर्शन किया और मंत्री के निधन पर दुख प्रकट किया है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ट्वीट करते हुए लिखा है कि नव किशोर दास के निधन से मैं बहुत दुखित हूं। डाक्टरों की टीम ने अपना पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें नहीं बचा पाए। उनके निधन से पार्टी एवं प्रदेश के लिए अपुरणीय क्षति हुई है। बीजद को मजबूत बनाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी अमर आत्मा की सद्गति के लिए मैं प्रभु जगन्नाथ से प्रार्थन करता हूं। प्रभु जगन्नाथ जी इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को प्रभु सांत्वना प्रदान करें।

जानकारी के मुताबिक, स्वास्थ्य मंत्री का शव उनके सरकारी आवास पर लिया जाएगा। इसके बाद उनके शव को सोमवार को भुवनेश्वर बीजद कार्यालय एवं विधानसभा परिसर में लिया जाएगा, जहां पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# सड़क पर रेहड़ी-ठेली, बिगड़ रही शहर की व्यवस्थाएं

## शहर की सड़कों पर जगह-जगह खड़ी रहती हैं रेहड़ी-ठेली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क या मार्ग हो जहां आपको बेतरतीब तरीके से खड़ी रेहड़ी-ठेली न दिखाई दें। मुख्य मार्गों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी इन रेहड़ी-ठेलियों के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। जाम के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशान स्टेशन रोड व देवी रोड में बनी हुई है।

पिछले कई दशकों से गोखले मार्ग पर रेहड़ी-ठेलियों का कब्जा बना हुआ था। करीब छह माह पूर्व पुलिस ने गोखले मार्ग को रेहड़ी-ठेलियों से मुक्त करते हुए मार्ग को पहाड़ से हाने वाले वाहनों के लिए वन-वे बनाया। ऐसे में गोखले मार्ग से हटाए गए रेहड़ी-ठेली वालों ने शहर की अन्य सड़कों पर कब्जा करना शुरू कर दिया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि पुलिस का पूरा ध्यान केवल गोखले मार्ग को रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों से मुक्त करना है। जबकि, राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मुख्य सड़कों पर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

स्टेशन रोड व बस अड्डे में खड़ी रेहड़ी-ठेली व्यवस्थाओं को बेपटरी कर रही है। बीच सड़क पर खड़ी रेहड़ी-ठेली के कारण यात्रियों के साथ ही बस चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बसों को निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग नहीं मिल पता, जिसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

### खानापूर्ति है अभियान

सड़कों को रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों से मुक्त करने के लिए नगर निगम व पुलिस की ओर से माह में एक दो बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। अभियान समाप्त होते ही स्थिति दोबारा जस की तस हो जाती है। नगर निगम की ओर से रेहड़ी-ठेली व फड़ वालों के लिए नजीबाबाद रोड गाड़ीपड़ाव के खाली मैदान में जगह भी चिन्हित की गई है। बाजवूद इसके रेहड़ी-ठेली वाले पूरे दिन मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूमते रहते हैं।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में बेतरतीब तरीके से सड़क पर लगी रेहड़ी-ठेली

# बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा दर्शकों का मन

**पौड़ीः** नगर पंचायत सतपुली के सेंटपॉल कान्वेंट स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्हे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकमों की शानदार प्रस्तुति दी। रविवार को आयोजित स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कॉन्वेंट स्कूल के अध्यक्ष डा. विंसेंट नेलाई प्रामबिल, प्रबंधक फादर सेबस्टीन और प्रधानाचार्य सीबा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नन्हे मुन्हे छात्र-छात्राओं ने टुकुर टुकुर, बम बम बोले और उत्तराखंडी लोक संस्कृति, पंजाबी, गुजराती आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भारत के विभिन्न संस्कृति की छटा बिखेरी। कार्यक्रम में स्कूल में आयोजित हुई विभिन्न एक्टिविटी व कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य जेसिंता, सुचिता, सोनी शर्मा, सोनम आदि शामिल थे।

# भ्रष्टाचार के आरोपी कनिष्ठ सहायक को किया गिरफ्तार



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सरकारी धनराशि के गबन के आरोप में फरार चल रहे लोकनिर्माण विभाग के कनिष्ठ सहायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपति पर करीब 32 लाख रुपये के गबन का आरोप है।

छह अगस्त-2022 को प्रांतीय लोक अधिशासी अभियंता प्रेम सिंह बिष्ट की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक प्रमेंद्र सिंह द्वारा ठेकेदारों को दस प्रतिशत धन की कुल 31,75,096 धनराशि को वापस न कर राजकीय धन का गबन किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच में पता चला कि आरोपी ने देयक बाउचर्स की आनलाईन फीडिंग व डिपोजिट कार्य के दौरान पंजीकृत ठेकेदारों के दस प्रतिशत की धनराशि अपने रिश्तेदारों व परिचितों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर सरकारी धन का दुरुपयोग एवं कर्तव्य के दौरान वैध परितोषित से भिन्न लाभ प्राप्त किया गया। बताया कि रविवार को पुलिस ने ग्राम निलारा पोस्ट चोरखाल, पट्टी कपूलस्यूं निवासी प्रमेंद्र सिंह रावत को गिरफ्तार कर लिया।

# कर्मचारियों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड विद्युत संविदा कर्मचारी संगठन की बैठक में कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार पर उनके हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। कहा कि कर्मचारियों की अनदेखी किसी भी हालम में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नजीबाबाद रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथ पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि राज्य सरकार जानबूझकर संविदा कर्मचारियों के पक्ष में आए कोर्ट के निर्णय को लागू नहीं कर रही है। माननीय न्यायालय ने संविदा कर्मियों के पक्ष में अपना निर्णय सुनाया है। इसके बाद भी प्रदेश सरकार निर्णय को लागू करने में हिचक रही है। प्रदेश अध्यक्ष विनोद कवि ने कहा कि संगठन ऊर्जा निगमों में संविदा कर्मचारियों के विनियमितीकरण व समान कार्य, समान वेतन की मांग पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज विभाग में बिनी किसी जांच परख के मीटर रीडिंग व कैश कलेक्शन कार्य निजी हाथों में दिया जा रहा है, जबकि निजी कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतें भी लगातार मिल रही हैं। इसके बाद भी निजी कंपनियों को कार्य आवंटित किए जा रहे हैं।

प्रदेश महामंत्री मनोज पंत ने कहा कि संगठन कोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रख रहा है और उन्हें विश्वास है कि कोर्ट से उन्हें न्याय मिलेगा। मौके पर संगठन की पूर्ववर्ती कार्यकारिणी को यथावत रखने का फैसला भी लिया गया।

# आबादी में घुसे हाथी, काश्तकारों की फसल की बर्बाद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार रात भाबर क्षेत्र के पश्चिमी झंडीचौड़ में पहुंचे हाथियों ने खूब उत्पात मचाया। हाथियों ने काश्तकारों की मेहतनत से लगाई गई गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया। देर रात काश्तकारों ने कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को जंगल में खदेड़ा।

पश्चिमी झंडीचौड़ का अधिकांश भाग जंगल से सटा हुआ है। ऐसे में आए दिन जंगल से निकलकर हाथी आबादी में पहुंच रहे हैं। शनिवार रात आबादी में धमके हाथी ने काश्तकार धनवरी, देवेंद्र कुमार, हीरामणि के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को चट कर दिया। नहीं नहीं हाथी ने खतों में खड़े पड़ों को भी नुकसान पहुंचाया। देर रात हाथियों का झुंड आबादी में उत्पात मचाता रहा। हाथियों को देख कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर काश्तकार एकजुट हुए व कनस्तर बजाकर हाथियों को जंगल में खदेड़ने का प्रयास किया।

करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काश्तकार हाथियों को भगाने में कामयाब रहे। पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि क्षेत्र में हाथी सुरक्षा दीवार बनाने व विभाग की रात्रि गश्त बढ़ाने के लिए वन अधिकारियों से शिकायत की गई है।

कहा कि आए दिन फसल बर्बाद होने से काश्तकरों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। वहीं, शिकायत के बाद पहुंचे वन विभाग के रेंजर अजय ध्यानी ने काश्तकारों को क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है। कहा कि काश्तकारों को फसल के नुकसान का भी मुआवजा दिया जाएगा।


कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ में हाथियों द्वारा रौंदी गई काश्तकारों की फसल

# महिला से मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**पौड़ीः** थाना पैठाणी क्षेत्र के सालौन निवासी एक महिला के साथ मारपीट करने के आरोप पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मारपीट और गाली-गलौज की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना पैठाणी क्षेत्र के सालौन निवासी जगत सिंह रावत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 27 जनवरी की शाम को घर में पड़ोसियों ने उनकी मां के साथ बेवजह गाली-गलौज और मारपीट की है। उन्होंने मामले में नरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह और उसकी पत्नी पिंकी और शरदा देवी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष पैठाणी वीरेंद्र रमोला ने बताया कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा है। मामले में गाली-गलौज और मारपीट की धाराओं में मुकदमा कर मामले की जांच शुरू कर दी है

# जीवन को बेहतर बनाती है भगवत गीता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगतवत गीता मनुष्य के जीवन को बेहतर बनाती है। हमें गीता का अध्ययन अवश्य करना चाहिए।

गोविंदनगर में आयोजित गीता ज्ञान यज्ञ में स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि गीता हमें जीवन जीने का मार्ग बताती है। हमें गीता में भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए संदेश को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को महाराज ने भगवत गीता भेंट की। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि दुर्योधन को अभिमान था और इसी अभिमान के कारण उसका किसी का भी आशीर्वाद नहीं मिल पाया। स्वयं अपनी माता का भी उसे आशीर्वाद नहीं मिला और उसकी पराजय हुई। कहा कि हमें अभिमान नहीं करना चाहिए। इस मौके पर लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजेंद्र अण्थ्वाल, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, वीरेंद्र रावत, विवेक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अजय गुप्ता, राम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित गीता ज्ञान यज्ञ के दौरान विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को गीता पुस्तक देते स्वामी ज्ञानानंद।

# अभियान को लेकर कांग्रेस ने की चर्चा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** युवा कांग्रेस के पौड़ी जिले की बैठक में यूथ जोड़ो बूथ अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आने वाले नगर निकाय और पंचायत चुनावों में अभी से जुट जाने का आह्वान किया गया।

कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस की बैठक में युवा कांग्रेस के जिला प्रभारी सौरभ वर्मा और जिला सहप्रभारी विभांशु बड़थ्वाल ने यूथ जोड़ो बूथ अभियान चलाए जाने की जानकारी दी।

कहा कि युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता बूथों में जाकर हरेक बूथ में 5 युवाओं को जोड़ा जाएगा। कहा कि इससे कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और आने वाले नगर निकाय और पंचायत को मजबूती मिलेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव आशीष नेगी ने कहा कि जल्द ही पौड़ी जिले में युवा भाजपा की कुनीतियों को लेकर जनता के बीच जाएगी और भाजपा नेताओं के द्वारा नौकरियों में की जा रही धांधलियों को लेकर युवा कांग्रेस जल्द ही प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी।

बैठक में अंकित सुंद्रियाल, आकाश रावत, आयुष भण्डारी, संजना गुजराल, पारस रावत, मुकेश बिष्ट, नीलम रावत, विजयदर्शन बिष्ट आदि शामिल थे।

# संगठन ने समस्याओं पर की चर्चा



सतपुली में आयोजित बैठक में भाग लेते शिक्षक।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सतपुली में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन के जिला कार्यकारणी की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों सहित जनपद के पंद्राह विकासखंड के सदस्यों ने प्रतिभाग किया ।

बैठक में वेतन विसंगति, नई शिक्षा नीति के अंतर्गत त्रिस्तरीय व्यवस्था लागू करने, आयकर नोटिस सहित 12 मुद्दों पर चर्चा की गयी । साथ सरकार द्वारा संज्ञान न लेने पर आंदोलन के लिए बाध्य होने का निर्णय लिया गया । बैठक में एकेश्वर के शिक्षक चंद्रमोहन सिंह रावत व जिला मंत्री मुकेश काला के भतीजे 27 वर्षीय अभिषेक काला के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया । बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष कुंवर राणा, उपाध्यक्ष दीवान सिंह रावत, विक्रम सिंह रावत, जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, जिला मंत्री मुकेश काला, उपाध्यक्ष भोपाल सिंह रावत, कोषाध्यक्ष पवन देवलियाल, संयुक्त मंत्री विपिन रावत, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रावत सहित सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष व शिक्षक सदस्य उपस्थित रहे ।

# गरीब व असहाय परिवारों को बांटे कंबल


महिलाओं को कंबल देते संगठन के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से क्षेत्र के गरीब व असहाय परिवारों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान 90 परिवारों को कंबल दिए गए। रविवार को देवी रोड स्थित चंद्रवर्ती पूर्व सैनिक कल्याण ट्रस्ट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।संगठन के अध्यक्ष पीएल खंतवाल कहा कि वर्तमान में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में गरीब व असहाय परिवारों को मदद उपलब्ध हो सकें इसके लिए संस्थाओं के साथ ही समाज के संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए। कहा कि संस्था की ओर से प्रति वर्ष गरीब व असहाय परिवारों को कंबल वितरित किए जाती है। इस मौके पर डा.नंदकिशोर ढौंडियाल, जयेंद्र नेगी, अजय खंतवाल, सत्य प्रकाश थपलियाल, सुरेंद्र आर्य, रघुवीर सिंह रावत, राजेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद नेगी, मेहरबान सिंह चौहान, जनार्दन ध्यानी, आरपी पंत, वीएस गुसाईं, केशर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

नैनीताल। नगर के रामगढ़ रोड स्थित एक होटल में विधायक सरिता आर्या ने कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक नेता चाहे विधायक हो या सांसद या प्रदेश के पदाधिकारी सभी अपने-अपने बूथों पर जाकर मन की बात कार्यक्रम को सुनते हैं।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज अद्वैती, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बालम सिंह मेहरा, जिला मंत्री प्रकाश आर्या, भावना मेहरा, शिवांशु जोशी, नरेश पाण्डे, हिमांशु बिष्ट, नीरज गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया विस अध्यक्ष का जन्म दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से कोटद्वार विधान सभा विधायक और उत्तराखंड विधान सभा की प्रथम महिला अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबी उम्र की कामना की।

सर्वप्रथम विधान सभा अध्यक्ष ने नींबूचौड़ स्थित अपने निजी आवास पर जन्मदिन पूजन किया। तत्पश्चात उन्होंने सिद्ध पीठ बाबा सिद्धबली मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। झण्डाचौक स्थित अपने कैंप कार्यालय में विधानसभा अध्यक्ष ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 97 वे संस्करण को सुना। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात कैंप कार्यालय में ही उनका जन्मदिवस केक काट कर धूमधाम से मनाया गया। बड़ी संख्या पहुंचे समर्थको ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी।


जन्म दिवस पर हवन करती विस अध्यक्ष ।

विधानसभा अध्यक्ष ने बड़ी संख्या में पहुंची मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोटद्वार के विकास के लिए वे निरंतर प्रयास कर रही हैं, इसमें कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। कार्यक्रम में विपिन कैंथोला ,राजेंद्र अंथवाल, संग्राम सिंह भंडारी, पंकज भाटिया, कुलदीप अग्रवाल, उमेश त्रिपाठी, गायत्री भट्ट, लक्ष्मी डोबरियाल, रानी नेगी, कमल नेगी और मनीष भट्ट सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## रेल के लिए संघर्ष समिति का प्रदर्शन

बागेश्वर। टनकपुर–बागेश्वर रेल मार्ग संघर्ष समिति ने बागेश्वर में रेल लाने के लिए प्रदर्शन किया। यहां आयोजित सभा में केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। बागेश्वर रेल पहुंचाने का वादा सरकार लागातार कर रही है, लेकिन बजट स्वीकृत करने में लेट लतीफी कर रही है। इससे यहां का विकास ठप हो रहा है। उन्होंने जल्द बजट स्वीकृत नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर नीमा दफौटी, हयात सिंह मेहता, गीता रावल, भरत कुमार आदि मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस सोसाइटी की एंबुलेंस फिर बनी मददगार

बागेश्वर। जिला रेडक्रॉस सोसायटी बागेश्वर द्वारा संचालित एंबुलैंस सेवा पीड़ित परिवारों के लिए मददगार साबित हो रही है।

बमराड़ी निवासी बुजुर्ग बलवंत सिंह का स्वस्थ्य अचानक खराब होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य में ज्यादा सुधार न होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। परिवार उन्हें अग्रिम इलाज हेतु एम्स ऋषिकेश ले जाना चाहता था। परन्तु 108 की सीधी सेवा उपलब्ध न होने के कारण वह परेशान थे, उन्हें बिना ऑक्सीजन सपोर्ट के नहीं ले जा सकते थे। इसके बाद उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी से संपर्क किया। उन्हें तत्काल एंबुलेंस तैयार की गई, जिसमें हास्पिटल के स्टाफ ने भी मदद की।

## ट्रांजिट कैंप में बदहाल सड़क को लेकर लोगों का प्रदर्शन

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप की मुख्य सड़क बदहाल स्थिति में होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर रविवार को कांग्रेसियों के साथ लोगों ने प्रदर्शन किया। साथ ही सड़क का जल्द निर्माण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को कांग्रेस नगर महामंत्री अर्जुन विश्वास के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन किया।

लोगों ने कहा कि लम्बे समय से ट्रांजिट कैंप की मुख्य सड़क की हालत खराब है।

बारिश के मौसम में इस सड़क पर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है। साथ ही लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क में पानी भरा होने के कारण कई बार ई–रिक्शा भी पलट चुके हैं और लोग चोटिल हो चुके हैं। बावजूद इसके सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है। यहां अमर बाला, सत्यजीत, सुमित राय ,गोपाल, अमित, राजू, दीपक, विजय सिंह, धर्मेंद्र शार्मा, अदिल, धर्मवीर राजपूत, सुनील मंडल, सनातन राय समेत कई लोग मौजूद रहे।



## भाजपा को देश की एकजुटता से कोई लेना देना नहीं: प्रदीप

बागेश्वर। 26 जनवरी से प्रारंभ कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रभारी व पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा को देश की एकजुटता से कोई वास्ता नहीं है। कहा कि कांग्रेस द्वारा हमेशा देश को एकजुट करने का प्रयास किया जाता रहा है। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में यात्रा के अल्मोड़ा लोकसभा प्रभारी प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा ने देश में समाज को विघटित करने का कार्य किया है, जबकि कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ने के लिए कार्य किया। उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को विविध जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा के निर्देश पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा प्रारंभ की गई है। जनपद में 26 जनवरी से यह यात्रा प्रारंभ की गई। उन्होंने सभी ब्लाक प्रभारियों से यात्रा की सफलता के लिए कार्य करने को कहा। बैठक में रंजीत दास, किशन गिरी, कुंदनगिरी, गोपा धपोला, चंद्रप्रकाश दानू, उमेश उपाध्याय, सुरेश गढ़िया, दरपान राम, फिरोज खान, संतोष कुमार, दीपक गढ़िया, प्रकाश चंद्र, सुनीता टम्टा आदि दर्जनों लोग शामिल थे।



### चोर गिरोह के सदस्य गिरफ्तार, बाइक बरामद

नानकमत्ता। पुलिस ने चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक चोरी की गई बाइक बरामद की गई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने कार का शीशा तोड़कर मोबाइल भी उड़ाया था। बाऊली साहिब रोड पर पुलिस ने चेकिंग की दौरान बिना नम्बर की बाइक को की जांच की। बाइक सवार से दस्तावेज मांगने पर वह नहीं दिखा सका। इस पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पकड़े गए नमित राणा निवासी गढ़ी पट्टी ने बताया कि 29 दिसंबर को उसने गुरुद्वारा परिसर से बाइक चोरी की थी। इसके अलावा गुरुद्वारा अस्पताल से कार का शीशा तोड़कर मोबाइल भी चोरी किया था। उसकी निशानदेही पर बसंत कश्यप निवासी भूड़ा कैमोर, अमरिया, पीलीभीत और सज्जाद अंसारी वार्ड दो गोटिया खटीमा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक और आईफोन बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने मंडी समिति पर लगाए आरोप

रुद्रपुर। गदरपुर की नवीन अनाज मंडी में आढ़तियों की नई दुकानों में शिफ्टिंग करने को लेकर कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। गदरपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने निजी प्रतिष्ठान पर प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि नई मंडी बनकर तैयार हो चुकी है।

जानकारी में आया है कि 27 सितंबर 2022 को मंडी गदरपुर सचिव व मंडी परिषद रुद्रपुर के तीन कर्मचारी मंडी में आए थे। उनके द्वारा 80 दुकानों का आवंदन मंडी शुल्क के आधार पर किया गया। जिनका सबसे अधिक मंडी शुल्क था उन्हें सबसे पहले, दूसरे नंबर वाले को दूसरे नंबर की दी गई। उन्होंने कहा कि इन दुकानों का किराया प्रति दुकान 10 से 12 हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से करीब 10–12 लाख रुपये बनता है। लेकिन अभी तक दुकानों की शिफ्टिंग नहीं हो पाई है। आरोप लगाया कि अगर इसमें भ्रष्टाचार नहीं हो रहा है तो दुकानों को शिफ्ट क्यों नहीं किया जा रहा है। वही मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश गुंबर ने कहा कि मंडी में अभी ऐसी कोई भी चर्चा नहीं है। सभी आरोप निराधार हैं। उधर, मंडी सचिव कैलाश शर्मा ने बताया कि नवीन मंडी की दुकानों का अभी अनुमोदन नहीं हुआ है।

### अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

सितारगंजः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेशानुसार वर्तमान में चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थों तथा अवैध शस्त्रों की बरामदगी एवम रोकथाम के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी सितारगंज के पर्यवेक्षण व कोतवाली निरीक्षक के निर्देशन में बीते शनिवार को सरकड़ा चौकी इंचार्ज कविंद्र शर्मा के नेतृत्व में सरकड़ा चौकी पुलिस ने आरोपी 23 वर्षीय आरिस पुत्र नवाब हसन निवासी वार्ड नंबर 2 गौसिया मस्जिद खटीमा जिला उधम सिंह नगर को पकड़ कर तलाशी ली, तो आरोपी के कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा बरामद कर हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी आरिस पर धारा 25(1बी)(ए)आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए माननीय न्यायालय में पेश किया।

## मोबाइल व वाहन चोरी में तीन गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलिस ने वाहन व मोबाइल चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों पर कई मुकदमे भी दर्ज हैं। एसओ देवेंद्र गौरव ने बताया कि 29 दिसंबर 2022 को गुरुद्वारा साहिब की पार्किंग से चोरी बाइक के साथ गढ़ीपट्टी गांव निवासी नमित राणा को बाऊली साहिब जाने वाले रास्ते से दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने नगर कीर्तन के दिन अपने साथी भूड़ा कैमोर थाना अमरिया पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी बसंत कश्यप व खटीमा के सज्जाद अंसारी के साथ बाइक चोरी करना कबूला। आरोपियों ने कुछ दिन पहले नानकमत्ता गुरुद्धारा अस्पताल से कार का शीशा तोड़कर मोबाइल भी चोरी किया था। नमित की निशानदेही पर बसंत व सज्जाद को बगिया में बने कमरे से धर दबोचा गया। उनके कब्जे से आइफोन भी मिला।

आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि नमित पर चोरी का एक, सज्जाद पर दुष्कर्म, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम के तहत चार और बसंत पर दुष्कर्म व चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के निधन पर जताया शोक

पिथौरागढ़। नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मड़खड़ायत निवासी श्याम सिंह खड़ायत का निधन हो गया है। इससे कांग्रेसियों में शोक की लहर है।

बीते रोज कार्यकर्ताओं ने शोक सभा आयोजित कर मृतक आत्मा की शांत के लिए दो मिनट का मौन रखा। विधायक मयूख महर, पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिलोक महर, दीपक लुंठी, संतोष गोस्वामी, शंकर खड़ायत, गौरव महर, त्रिलोक बिष्ट, मुकश पंत, निशु उप्रेती, महिपाल वल्दिया, निर्मल लोहिया, राकेश सौन ने शोक संवेदना प्रकट की है।

## व्यापारियों का अहित नहीं होने देगा नगर व्यापार मंडल

बागेश्वर। नगर व्यापार मंडल इकाई की रविवार को बागनाथ मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें लंबित मांगों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन व्यापारी हित में लगातार काम कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। मेले के दौरान झूला पुल बंद किए जाने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। अब पुल को खोल दिया गया है।

व्यापारियों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस मौके पर अध्यक्ष कवि जोशी, सचिव पुष्कर किरमोलिया, उपाध्यक्ष इंदू चौधरी, हेम जोशी, राहुल साह, महिपाल भरड़ा, अनिल कार्की, किसन सोनी आदि मौजूद रहे।



## भाकपा माले की सात सदस्यीय कमेटी का गठन

रुद्रपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसमें माले के पटना में होने जा रहे 11वें महाधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा की गयी। यह अधिवेशन 15 से 20 फरवरी को होगा। इस दौरान भाकपा माले की सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें अमनदीप कौर, ललित मटियाली, निशान सिंह, निरंजन लाल, केके बोरा, कार्तिक सरकार, रीता कश्यप को चुना गया। इसके बाद कमेटी ने ललित मटियाली को जिला सचिव निर्वाचित किया। रविवार को किच्छा बाईपास रोड स्थित निशान सिंह भवन पुराना इंडस्ट्रियल एरिया में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए माले के राज्य सचिव कामरेड राजा बहुगुणा ने कहा कि माले जोशीमठ की जनता के साथ खड़ी है। सरकार से मांग की कि वहां के लिए एक बेहतर मुआवजा नीति जोशीमठ संघर्ष समिति के सहयोग से बनाई जाए।



### 5 स्थानों पर वेस्ट कलैक्शन सेंटर किए स्थापित

पिथौरागढ़। जिला पंचायत ने गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया।

रविवार को अभियंता इं. अनिल जोशी के नेतृत्व में पंचायत कर्मियों व पर्यावरण मित्रों ने सफाई अभियान चलाकर कूड़े का निस्तारण किया। साथ ही लोगों का अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया। जोशी ने बताया कि जैविक व अजैविक कूडे के निस्तारण के लिए वड्डा, थल, मुनस्यारी, झूलाघाट व मुवानी बाजार में वेस्ट कलेक्शन सेंटर स्थापित किए गए हैं।

## बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्या ने किया राजकीय बालगृह संप्रेक्षण उधमसिंहनगर का निरीक्षण

सितारगंजःराजकीय बालगृह संप्रेक्षण उधमसिंहनगर का उत्तराखंड बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्या सुमन राय द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया।राजकीय बालगृह में 27 बच्चे पाये गये।सुमन राय ने बताया कि राजकीय बालगृह में कर्मचारियों द्वारा साफ–सफाई व भोजन आदि की व्यवस्था ठीक–ठाक की पायी गयी।संप्रेक्षण गृह में मात्र 7 कर्मचारियों द्वारा रख रखाव का कार्य किया जा रहा है । जो कि कर्मचरियो की कमी है जिसे बढ़ाने के लिए शासन से सिफारिश करूंगी ।इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र पाण्डेय,राकेश त्यागी व अनिरुद्ध राय आदि मौजूद रहे।



## गौरव सेनानी कल्याण समिति ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

चम्पावत। गौरव सेनानी कल्याण समिति बनबसा टनकपुर के पूर्व सैनिकों ने थाना बनबसा को देश मैं तीसरा स्थान हासिल करने पर थाना अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण सहित थाना में सेवारत सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्थानीय होटल में समिति के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद की अध्यक्षता में हुए सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि महा निरीक्षक कुमाऊं डॉ निलेश आनंद भरणे मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा को मिले राज्यपाल द्वारा सम्मानित होने पर उन्हें और पुलिस क्षेत्राधिकारी टनकपुर अविनाश वर्मा को भी साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस महा निरीक्षक डॉ नीलेश आनंद भरणे ने गौरव सेनानी कल्याण समिति बनबसा टनकपुर द्वारा इस तरह भव्य स्वागत समारोह करके पुलिस के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिए जाने पर सभी पूर्व सैनिकों का आभार जताया। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस अनुशासन जीवन जीते हुए देश की आंतरिक और बाहरी शत्रुओं से देश की रक्षा करती हैं। उन्होंने कहा सैनिकों का बहुत कठिन जीवन होता है हर कठिनाई का सामना बहुत धैर्य पूर्वक करते हैं। सेवानिवृत्त के बाद भी जवानों को उसी जोश के साथ समाज में सक्रिय होकर समाज की सेवा करनी चाहिए। कैप्टन हरीश कापड़ी के संचालन में हुए कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट, कैप्टन राजेंद्र सिंह अधिकारी,पुष्कर दत्त कापड़ी,कैप्टन चंद्रशेखर गहतोड़ी, एनपीएन जोशी, बुद्धि बल्लभ पांडे, देवी दत्त कापड़ी, चंद्र बेलवाल, सुरेश चंद, गणेश पाल, कैलाश चंद्र राय आदि तमाम पूर्व सैनिक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



### सील भवन पर किया जा रहा अवैध निर्माण ध्वस्त किया

नैनीताल। जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने बीते दिनों राजपुरा क्षेत्र में निरीक्षण कर बिना अनुमति निर्माण कार्य करने पर भवन सील किया था। शनिवार को रातोंरात अतिक्रमणकारी ने सील तोड़कर भवन निर्माण शुरू कर दिया।

रविवार को मौके पर पहुंची टीम ने तत्काल अवैध निर्माण ध्वस्त किया। सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि राजपुरा निवासी रॉबिन का अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया है।

### महिला को दी सिलाई मशीन

नैनीताल। नारायण दत्त तिवारी ट्रस्ट के शरद पाण्डे, मनीषी तिवारी के सहयोग से नगर की लाभार्थी महिला को व्यवसाय के लिए सिलाई मशीन दी गई। रविवार को नगर के एक होटल में विधायक सरिता आर्या, पालिकाध्यक्ष संजय वर्मा ने भावना सुनाल पत्नी भुवन चन्द्र सुनाल को सिलाई मशीन भेंट की।



## दिनेशपुर में भाजपा विधायक–कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

रुद्रपुर। भाजपा मंडल अध्यक्ष के आवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अरविंद पांडे और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। इससे पहले उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों का स्वागत किया। रविवार को विधायक पांडे ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में मोटे अनाज और योग को स्वास्थ्य के लिए लाभदायक बताया है। कहा दुनिया वर्तमान समय में मोटे अनाज का महत्व समझ रही है और उसे खाने में शामिल कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी के जरिए जनजाति समुदाय को भी पद्मश्री पुरस्कार मिले हैं। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता विजय मंडल, मंडल अध्यक्ष अनादि रंजन मंडल, पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु सरकार, डॉ.सुधीर राय, रोहित मंडल, तिलक गंभीर, तरुण दुबे, संजय शाह, जीतू चंद, गोपाल चक्रवर्ती रहे।

# भारत को तोड़ने वाले जोड़ने की बात कर रहेः दुष्यंत



हरिद्वार। भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर कहा कि भारत को तोड़ने वाले भारत को जोड़ें तो यह एक मजाक लगता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कश्मीर में हैं, वह बताएं कि पीओके हमारे हाथ से कैसे गया? वह बताएं कि इस विशाल भारत से पाकिस्तान अलग कैसे हुआ? उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। लेकिन जनता और समाज ने नकार दिया है। यह बातें दुष्यंत गौतम ने हरिद्वार में मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहीं।

रविवार को दुष्यंत गौतम हरिद्वार के निष्काम सेवा ट्रस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 97वां संस्करण सुनने पहुंचे थे। इस दौरान दुष्यंत गौतम ने कहा कि राहुल गांधी कश्मीर में बैठकर पीओके को वापस लेने की बात करते हैं तो अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि कश्मीर में राहुल गांधी को कोई जन सहभागिता और समर्थन नहीं मिल रहा है। साथ ही दुष्यंत गौतम ने कहा कि मन की बात देश के प्रधानमंत्री के दिल की बात होती है। प्रधानमंत्री जिस तरह का भारत देखना चाहते हैं, उसकी कल्पना लेकर वह बात करते हैं। मन की बात एक ऐसा गैर राजनीतिक कार्यक्रम है, जिसके जरिए हम अपने बच्चों को, परिवार को और समाज को बता सकते हैं कि हमारे सामने आने वाले समय में क्या–क्या चुनौतियां हैं।

## कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रुड़की। देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि थिथौला में एक कंपनी के पास बने खंडहर में कच्ची शराब बेची जा रही है। पुलिस ने घेराबंदी कर शराब बेच रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को आता देख शराब खरीदने वाले लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने युवक के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कुमार निवासी थिथौला बताया। पुलिस चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी का चालान कर कोर्ट भेज दिया है।

# पंजाब नेशनल बैंक एंप्लॉयज यूनियन एक फरवरी को देगी धरना



हरिद्वार। पंजाब नेशनल बैंक एंप्लॉयज यूनियन ने झारखंड के देवघर में पंजाब नेशनल बैंक गार्ड के पक्ष में एक दिवसीय धरने का का ऐलान किया है। यूनियन के प्रदेश महामंत्री धीरज बिष्ट ने मंडल प्रमुख को पत्र लिखकर एक फरवरी को घटना के खिलाफ मंडल कार्यालय में शाम पांच बजे धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराने की बात कही है। झारखंड के देवघर में पीएनबी बैंक में सुरक्षा गार्ड के साथ पुलिस कर्मी के द्वारा की गई मारपीट का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पंजाब नेशनल बैंक एंप्लॉयज यूनियन भी सुरक्षा गार्ड के पक्ष में खड़ी हो गई है। यूनियन के प्रदेश महामंत्री धीरज बिष्ट निडरता से अपनी डयूटी करने वाले सुरक्षा कर्मी के साथ जहां पुलिस कर्मी ने मारपीट की वहीं सुरक्षा कर्मी को गलत और झूठे मुकदमें में फंसाकर जेल भेजा गया। उन्होंने कहा कि हम सभी इस घटना का पूरजोर विरोध करते हैं। धीरज बिष्ट ने बताया कि समस्त बैंक कर्मी एक फरवरी को देवघर में घटी घटना के विरोध में मंडल कार्यालय में विरोध प्रदर्शन भी करेंगे।

# चाकूबाजी में दो युवक घायल, एक की हालत गंभीर



हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया गया। गंभीरवस्था में युवक को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। घायल युवक के दोस्त ने इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में शुभम निवासी राजीव नगर बस्ती ने बताया कि वह अपने दोस्त हिमांशु के साथ रेलवे फाटक के समीप किसी कार्य से गया था। आरोप है कि मौके पर उन्हें मोहित, रवि, अजय, रोहित, योगी निवासी झंडा चौक कनखल ने गाली गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि उन पर चाकू से वार किए गए, जिसमें हिमांशु बुरी तरह घायल हो गया। चाकूबाजी कर आरोपी फरार होने में कामयाब रहे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि शुभम के पेट में भी टांके लगाए गए हैं। दूसरे युवक हिमांशु की हालत गंभीर है। इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## जूनियर डिवीजन प्रमाणपत्र की 103 कैडेट्स ने परीक्षा दी

रुड़की। आनंद स्वरूप आर्य सरस्वती विद्या मंदिर में एनसीसी जूनियर डिवीजन के प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा प्रभारी नीरज नौटियाल ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर 103 एनसीसी कैडेट्स ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल राजेंद्र सिंह के निर्देशन में परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा दो चरणों में संपंन कराई गई। जिसमें पहले चरण में सभी कैडेट्स की लिखित परीक्षा एवं अंतिम चरण में प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराई गई।

# देहात क्षेत्र में भी बदला मौसम का मिजाज



हरिद्वार। रविवार को अचानक एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली है। आसमान में बादल छाने के कारण बारिश होने की संभावना प्रबल हो गई है। वहीं मौसम विभाग ने सामान्य बारिश की संभावना जताई है।

मैदानी क्षेत्र मे ठिठुरन फिर बढ़ने लगी है। लालढांग क्षेत्र में बारिश से एक बार फिर दलहन और तिलहन की फसलों को नुकसान होने की संभावना है।

जबकि गेहूं और गन्ने की फसल के लिए बारिश फायदेमंद साबित होगी। किसान रघुवीर सिंह, अमरीक सिंह, तेजेंद्र सिंह, श्रबन सिंह, जयपाल, रामेन्द्र आदि का कहना है कि मौसम कि बदलने से किसानो के चहेरे पर खुशी और गम दिख रहा है। गेहूं और गन्ने को लाभ और दलहन फसलो नुकसान होगा। वही सर्दी बढ़ने से लोगो की मुश्किलें बढ़ी हैं।

# निर्मल अखाड़े के संतों ने मुख्यमंत्री से की संस्कृत शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग



हरिद्वार। कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के संतों ने कोठारी महंत जसविंदर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति और व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की। इस दौरान संतों ने अखाड़े के अध्यक्ष श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की। कोठारी महंत जसविंदर सिंह ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने संस्कृत भाषा को द्वितीय राज भाषा का दर्जा दिया है। संस्कृत के प्रति छात्रों का रूझान बढ़ाने के लिए व्यवस्थाओं का दुरूस्त किया जाना जरूरी है। संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। शिक्षकों की कमी के चलते संस्कृत अध्ययन करने वाले छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि सरकार के स्तर से शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी तो इससे संस्कृत भाषा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही छात्रों में भी संस्कृत भाषा के प्रति रूझान बढ़ेगा। संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार के लिए शासन प्रशासन और धार्मिक संस्थाओं को गंभीर होने की जरूरत है। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में महंत अमनदीप सिंह, संत जरनैल सिंह, महंत संतोष मुनि, डा.स्वामी केश-ावानन्द आदि संत शामिल रहे।

## आंगनबाड़ी को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

रुड़की। राज्य सरकार ने सूबे की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को जोड़ने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 चलाया था। इसके तहत आंगनबाड़ी की महिला कार्यकर्ताओं को बीएलओ के तौर पर हर घर में जाकर परिवार के सदस्यों का मिलान मतदाता सूची के साथ करना था।

इस कार्यक्रम में लक्सर विधानसभा क्षेत्र 34 के गांव मखियाली खुर्द की आंगनबाड़ी शाहजहां सुल्ताना ने सर्वोत्तम काम किया है।

इसके लिए आंगनबाड़ी को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला है। गत दिवस लक्सर तहसीलदार चंद्रशेखर वशिष्ठ ने आंगनबाड़ी को तहसील मुख्यालय बुलाया और प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी रविशंकर और सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह शाह द्वारा जारी कर पुरस्कार का प्रमाणपत्र सौंपा।



# सीडीओ ने सुनी थान के ग्रामीणों की समस्याएं

नई टिहरी। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत सीडीओ मनीष कुमार ने चंबा ब्लॉक के थान गांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विकास योजनाओं व समस्याओं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों से बीच बैठकर वार्ता की। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं व शिकायतों को सीडीओ के समक्ष रखा। जिन्हें लेकर सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान इस तरह से करें कि दोबारा शिकायतें रिपीट न हो। इससे समय की बचत होगी और विकास कामों को गति मिलेगी।

## विद्युत बिलों के समाधान शिविर का आयोजन

चमोली। विद्युत बिलों एवं बिजली की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण के लिए तलवाड़ी में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तलवाड़ी खालसा, थाला, लोल्टी, गुड़म स्टेट, तलवारी स्टेट के उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण उपखंड अधिकारी अतुल कुमार द्वारा मौके पर ही किया गया।

## समान कार्य के समान वेतन की मांग दोहराई

रुद्रप्रयाग। राजकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला, कार्यालय सहायकों ने बैठक कर समान कार्य समान वेतन की मांग दोहराई। अगस्त्यमुनि में प्रयोगशाला, कार्यालय संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष आलोक सेमवाल की अध्यक्षता में संपंन हुई। बैठक में संगठन के प्रदेश प्रवक्ता कालीचरण रावत ने कहा कि विगत दस वर्षों से हम लोग समान कार्य समान वेतन की मांग को लेकर लगातार सरकार पर दबाब बना रहे हैं। यहां तक कि इन कार्मिकों को अन्य अनुमन्य सुविधायें भी नहीं मिल पा रही है। न तो कोई मेडिकल सुविधा मिल रही है न ईएल की सुविधा मिल रही है। संगठन ने इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय में रिट दायर की थी। जिस पर माननीय न्यायालय ने सरकार को समान कार्य हेतु समान वेतन देने का निर्णय दिया था। किंतु अफसोस है कि सरकार इस निर्णय के खिलाफ माननीय उच्चत्तम न्यायालय में कार्मिकों के खिलाफ याचिका लगा रही है। सरकार के इस निर्णय से सभी प्रयोगशाला/कार्यालय सहायक कार्मिक आहत हुए हैं। बैठक में कार्मिकों ने निर्णय लिया कि इस सम्बन्ध में उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत को ज्ञापन भेजकर इन कार्मिकों को नियमित करने तथा मेडिकल एवं ईएल की सुविधा देने के लिए अनुरोध किया जाय।

## बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

रुद्रप्रयाग। अगस्त्यमुनि ब्लॉक के सिल्लाबामण गांव के भट्टकोटी तोक के निवासी सेवानिवृत फार्मेसिस्ट सर्वेश्वरानन्द भट्ट एवं जगदम्बा प्रसाद भट्ट ने अपने पिता सेवानिवृत मुख्य फार्मेसिस्ट स्व. महानन्द भट्ट की पुण्य स्मृति में राइंका पठालीधार में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय में गणतन्त्र दिवस पर हुए समारोह में यह पुरस्कार हाईस्कूल में स्वाति एवं इण्टरमीडिएट में पल्लवी पुरोहित को दिया गया।

# 300 से अधिक लोगों ने उठाया रोटरी क्लब के नेत्र जांच शिविर का लाभ



ऋषिकेश। रोटरी क्लब ऋषिकेश के निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 300 से अधिक रोगियों की नेत्र जांच कर उन्हें चश्मे व दवाइयां वितरित की गईं। रविवार को विनोद विहार सामुदायिक भवन में आयोजित नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नेगी, रोटरी क्लब अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान, विनोद विहार विकास कल्याण समिति के अध्यक्ष कैप्टन गोविंद सिंह रावत, समाजसेवी राजे नेगी ने किया। बताया कि क्लब का अब तक का यह 12वां हेल्थ शिविर है। सचिव विशाल तायल ने कहा कि क्लब द्वारा लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यवारण के साथ ही समाजहित के कार्य किये जाते रहे हैं।

महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के चिकित्सीय दल के वरिष्ठ नेत्र शल्यक डॉ. आशीष और डॉ. अर्चिशा भदौरिया ने अपने सहयोगी टीम के साथ मिलकर 300 से ज्यादा रोगियों की जांच की। इस दौरान रोगियों को चश्मे एवं निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

# पांच दिन से आतंक मचा रहा आवारा सांड, एक युवक की पसलियां तोड़ी दूसरे का कान फाड़ा



हल्द्वानीः हल्दूपोखरा नायक गांव में पांच दिन से आतंक का पर्याय बने आवारा सांड को ग्रामीणों की मदद से डाक्टर ने ट्रैंकुलाइज कर लिया है। उसे आबादी से दूर जंगल में छोड़ा गया है। सांड के हमले में एक युवक के जान जाने की चर्चा है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी। वहीं सांड ने एक युवक पर हमला कर उसकी पसलियां तोड़ दी। जबकि दूसरे युवक का कान सींग मारकर फाड़ दिया है। दोनों घायलों को डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सत्संग प्रमुख प्रदीप सिंह दरम्वाल व नरेंद्र दरम्वाल ने बताया कि गांव में एक आवारा सांड कई दिनों से घूम रहा था। पांच दिन से सांड लोगों पर हमलावर हो गया।

मार्निंग वाक पर आए बुजुर्ग को पटक दिया

राह चलते लोगों पर वह हमला कर रहा था। उन्होंने बताया कि कुसुमखेड़ा से मार्निंग वाक पर आए एक बुजुर्ग को सांड से उठाकर पटक दिया था। जिन्होंने डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।

हालांकि बुजुर्ग के मौत की पुष्टि नहीं हो सकी। लेकिन सांड के हमले में घायल विजय राणा व श्याम कश्यप को एसटीएच में भर्ती किया है। सांड के हमले में विजय के सीने की पांच पसलियां टूट गई हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर उसे उपचार कराने में दिक्कत आ रही है तो वहीं श्याम कश्यप का कान फटा है। हल्दूपोखरा निवासी नरेंद्र ने बताया कि सांड के हमले की सूचना प्रशासन व नगर निगम को दी गई।

## रावत ब्रदर्स ने जीती महेन्द्र नेगी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

चमोली। मेहलचौरी के खेल मैदान में गत दिवसों से आयोजित हो रही महेन्द्र नेगी स्मृति क्रिक्रेट कप प्रतियोगिता पर रावत ब्रदर्श ने कब्जा कर लिया। जबकि इलेवन स्टार रंगचौणा रनरअप रही। रविवार को खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में टॉस जीतकर इलेवन स्टार रंगचौणा में रावत ब्रदर्स को खेलने के लिए आमंत्रित किया। 15 ओवर के मैच में रावत ब्रदर्स ने 205 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेवन स्टार रंगचौणा की टीम 173 रन ही बना सकी। विजता टीम रावत ब्रदर्स ने 51 हजार नगद धनराशि और ट्राफी जबकि रनरअप रही इलेवन स्टार रंगचौणा को 31 हजार की राशि दी गई।

# विद्युत समाधान शिविर में 59 शिकायतें दर्ज, 23 का मौके पर निस्तारण

रुद्रप्रयाग। जनपद के जखोली व अगस्त्यमुनि विकास खंड के विभिन्न स्थानों पर आयोजित विद्युत समाधान शिविर में कुल 59 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें 23 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

विकास खण्ड जखोली एवं विकास खण्ड अगस्त्यमुनि के चिरबटिया, डांडाखाल, भीरी, सिद्वसौड़ गांवों में ऊर्जा निगम की ओर से विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सक्षम रखा। ग्रामीणों को मौके पर ही नए विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा खराब मीटर भी बदले की शिकायत मुख्य रूप से की गई। ग्रामीणों द्वारा झूलते हुई विद्युत लाईनों के अतिरिक्त पोलों एवं श्री फेज बंच केबिल लगाए जाने हेतु मांग की गई।

जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सिद्वसौड व भीरी में आयोजित शिविर में कुल 22 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं विकास खण्ड जखोली के ग्राम चिरबटिया एवं विकास खण्ड अगस्तमुनि के ग्राम डाडाखाल (जसोली) में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सक्षम रखा इल दोनों स्थानों पर कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ग्रामीणों को मौके पर ही नये. संयोजन निर्गत किये तथा खराब मीटर भी बदले गये।

ग्रामीणों द्वारा झूकी हुई लाईनों की मरम्मत एवं बंच केबिल लगाये जाने हेतु भी कहा गया है, इसी कम में दिनांक 30 जनवरी को विकास खण्ड अगस्तमुनि के स्थान खेडाखाल एवं विकास खण्ड ऊखीमठ के मनसूना में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके, रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई तीव्रता

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कई हिस्सों में रविवार को 63 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया. हालांकि, अबतक इससे जानमाल की हानि की कोई खबर नहीं है.

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र ताजिकिस्तान में सतह से करीब 150 किलोमीटर की गहराई में था. विभाग ने बताया कि भूकंप का ताजा झटका स्थानीय समयानुसार 12 बजकर 54 मिनट पर महसूस किया गया. हालांकि, भूकंप पर नजर रखने वाले स्वतंत्र ट्रैकर यूरोपीय भूमध्य सागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अटक के करीब आया.

रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि तत्काल भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, भूकंप के झटके इस्लामाबाद, रावलपिंडी और देश के अन्य इलाकों में महसूस किये गये. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान भूकंप संभावित क्षेत्र में आता है. देश में सबसे घातक भूकंप वर्ष 2005 में आया था, जिसमें 74 हजार से अधिक लोगों की जान गई थी.

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने पार्टी अध्यक्ष नदीम जहावी को किया बर्खास्त

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मंत्रियों के लिये बनी आचार संहिता के गंभीर उल्लंघन को लेकर अपनी सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष नदीम जहावी को रविवार को बर्खास्त कर दिया। जहावी पर आरोप था कि उन्होंने देश के वित्त मंत्री पद पर रहते हुए करा-ड़ों डलर के कर की हेराफेरी की थी। जहावी को बर्खास्त करने की विपक्ष की बढ़ती मांगों के बीच सुनक ने इराक में जन्मे पूर्व वित्त मंत्री के कर मामलों की एक स्वतंत्र जांच का आदेश दिया था।

जहावी को लिखे एक पत्र में, सुनक ने कहा है कि उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत में सरकार में श्हर स्तर पर ईमानदारी, पेशेवराना व्यवहार और जवाबदेही का वायदा किया था और इसी के तहत वह इस तरह का कदम उठाने को मजबूर हैं। चुनावी वेबसाइट यूगोव के संस्थापक जहावी ने कर अधिकारियों के साथ विवाद को स्वीकार किया था, लेकिन यह दलील दी थी कि उनकी त्रुटि श्लापरवाहीपूर्ण थी, न कि जानबूझकर की हुई। ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि समझौता लगभग 50 लाख पाउंड (62 लाख डलर) पर आ गया था। जहावी ने तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जनसन के कार्यकाल के अंतिम महीनों में जुलाई से सितंबर 2022 तक वित्त मंत्री का कार्यभार संभाला था।

## पाकिस्तान में नाव पलटने से नौ छात्र लापता, 16 को बचाया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में रविवार को एक नौका के पलट जाने से नौ छात्र लापता हैं और 16 बच्चों को बचा लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोहाट जिले के उपायुक्त फुरकान अशरफ ने बताया कि जिले के टांडा बांध में 25 बच्चों को लेकर जा रही नाव पलट गई और गोताखोरों ने 16 बच्चों को बचा लिया, जबकि नौ लापता हैं।

## कानपुर चिडियाघर में चोरी, 6 लाख उड़ाए

**कानपुर (एजेंसी)।** चिडियाघर में अपनी तरह की पहली चोरी में बदमाशों ने कानपुर के एलन फरेस्ट जू के कैश रूम से ढाई च्टिल वजनी तिजोरी उड़ा ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक तिजोरी में 6 लाख रुपये रखे हुए थे। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# मिराज 2000 का ब्लैक बॉक्स बरामद, सुखोई के डेटा रिकॉर्डर का भी एक हिस्सा मिला




**मुरैना, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बीते दिन दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के लड़ाकू विमान मिराज 2000 का ब्लैक बक्स और सुखोई-30 विमान के फ्लाइट डेटा रिकर्डर का एक हिस्सा मलबे से मिला है। भारतीय वायु सेना के दो फ्रंटलाइन लड़ाकू विमान शनिवार को एक अभ्यास मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे, जिसमें एक विंग कमांडर की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य पायलट सुरक्षित बाहर निकाले गए थे।

पहाड़गढ़ इलाके में मिराज विमान का ब्लैक बक्स मलबे से मिला है। मुरैना के पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने फोन पर न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि सुखोई विमान के ब्लैक बक्स का एक हिस्सा भी मिल गया है और रिकर्डर का शेष हिस्सा भरतपुर में गिरने की आशंका है। उन्होंने कहा कि वायुसेना, पुलिस और अन्य विभाग सुखोई विमान रिकर्डर के शेष हिस्से की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने पहले कहा था कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

रक्षा विशेषज्ञों की माने तो यह संभावना है कि रूसी-डिजाइन किए गए सुखोई जेट और फ्रांसीसी मिराज-2000 के बीच हवा में टक्कर हुई हो। हालांकि, भारतीय वायुसेना की ओर से इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। एक उड्डयन विशेषज्ञ के अनुसार, यह पहला मिराज 2000 और सुखोई-30डज्ञ्प विमान था जिसे भारतीय वायु सेना ने हवा में हुई टक्कर में खो दिया हो। बता दें कि दोनों लड़ाकू विमानों की दुर्घटना के बाद मलबा एमपी के मुरैना जिले के पहाड़गढ़ इलाके में गिरा। हालांकि, कुछ मलबा राजस्थान के भरतपुर में भी गिरा है, जो मध्य प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। गौरतलब है कि सुखोई-30 एक ट्विन-सीटर कम्बैट जेट है, जबकि मिराज 2000, फ्रांसीसी एयरोस्पेस प्रमुख डसल्ट एविएशन द्वारा निर्मित, एक सिंगल-सीटर विमान है। दोनों विमानों ने ग्वालियर एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरी थी।

## त्रिपुरा चुनाव : भाजपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने त्रिपुरा विधान सभा चुनाव के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। त्रिपुरा में होने वाले विधान सभा चुनाव में स्टार प्रचारक के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, किरेन रिजिजू, महेश शर्मा और संबित पात्रा चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। भाजपा ने त्रिपुरा के वर्तमान मुख्यमंत्री माणिक साहा और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब के साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू को भी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया है।फिल्म अभिनेत्री एवं लोक सभा सांसद हेमा मालिनी , मनोज तिवारी और मिथुन चक्रवर्ती को भी त्रिपुरा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है।

# कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को लेकर शिवराज, कमलनाथ में नोकझोंक

**भोपाल (एजेंसी)।** आगामी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, सत्ताधारी भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राज्य की जनता से झूठे वादे करने शुरू कर दिए हैं। शनिवार को उज्जैन में नर्मदा जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, चौहान ने मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ की आलोचना करते हुए कहा कि कमलनाथ एक बार फिर श्वचन-पत्र (चुनाव घोषणा पत्र) की सूची तैयार कर रहे हैं।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर अपनी 15 महीने की सरकार के दौरान मध्य प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। चौहान ने कहा, कांग्रेस ने फिर से झूठे वादे करना शुरू कर दिया है। मैं कमलनाथ से बार-बार पिछले विधानसभा चुनाव में किए गए वादों के बारे में पूटूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अनाज के उत्पादन पर बोनस देने का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद वो भूल गए।

चौहान ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के श्वचन-पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए ये टिप्पणी की, जो इस साल के अंत में होने वाले हैं। मुख्यमंत्री शिवराज के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कमलनाथ ने कहा, श्मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं है, बल्कि जनहित में योजनाओं को लागू करना है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने भी चौहान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों ने चौहान को विदाई देने का फैसला किया है और फिर उनके पास सवाल पूछने के लिए बहुत समय होगा। नाथ ने शनिवार को प्रेस से बात करते हुए कहा- अस्थिर दिमाग का व्यक्ति ही इस तरह के प्रश्न पूछ सकता है। मुख्यमंत्री का काम सवाल पूछना नहीं है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में खाई में गिरी बस, 42 लोगों की मौत

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को एक तेज रफ्तार यात्री बस के पुल के खंभे से टकराकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई. एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि बस कम से कम 48 यात्रियों को लेकर प्रांतीय राजधानी क्वेटा से सिंध प्रांत की राजधानी और मुख्य शहर कराची जा रही थी. यह बस पुल पर खंभे से टकरा गई और खाई में गिरने के बाद उसमें आग लग गई. लासबेला के सहायक आयुक्त हमजा अंजुम नेबताया कि यह दुर्घटना लासबेला इलाके में तेज गति के कारण हुई. उन्होंने बताया कि बस लासबेला के पास यू-टर्न लेते समय एक पुल के खंभे से टकरा गई और खाई में गिर गई तथा फिर उसमें आग लग गई. अधिकारी ने बताया कि एक बच्चे और एक महिला सहित केवल तीन लोगों को जिंदा बचाया जा सका.

## श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर राहुल गांधी ने फहराया तिरंगा

**श्रीनगर,एजेंसी** । कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने श्भारत जोड़ो यात्रा के अंतिम पड़ाव पर श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर रविवार को तिरंगा फहराया। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गाया गया। राहुल गांधी के श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा फहराने के कार्यक्रम के दौरान लाल चौक को सील कर दिया गया था और आम जनता की आवाजाही रोक दी गयी थी। राहुल गांधी के साथ इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। कल यात्रा का औपचारिक समापन होगा।

इससे पहले, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की श्भारत जोड़ो यात्रा रविवार को अपने अंतिम दिन श्रीनगर के पंथाचौक से आगे बढ़ी। सफेद टी-शर्ट पहने राहुल गांधी ने अपनी बहन एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के साथ पूर्वाह्न पौने 11 बजे पदयात्रा शुरू की। इस दौरान, राष्ट्रीय ध्वज और कांग्रेस का झंडा थामे कांग्रेस के हजारों समर्थक भी राहुल और प्रियंका के साथ चलते हुए नजर आए। श्भारत जोड़ो यात्रा 7 किलोमीटर की दूरी तय कर श्रीनगर के सोनवार इलाके में पहुंची, जहां कुछ देर के विश्राम के बाद राहुल गांधी और प्रियंका लाल चौक सिटी सेंटर रवाना हुए। वहां राहुल गांधी ने तिरंगा फहराया। लाल चौक के बाद श्भारत जोड़ो यात्रा शहर के बुलेवार्ड क्षेत्र में नेहरू पार्क की तरफ बढ़ी, जहां 4,080 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा का कल समापन हो जाएगा। यह यात्रा 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई थी और देशभर के 75 जिलों से गुजर चुकी है। सोमवार को राहुल गांधी श्रीनगर में एमए रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में तिरंगा फहराएंगे, जिसके बाद एसके स्टेडियम में एक जनसभा आयोजित की जाएगी।

# 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंधित विधेयक को राज्यपाल ने लौटाया, वैधानिकता पर उठाया सवाल



**रांची, एजेंसी।** राज्यपाल रमेश बैस ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को राज्य सरकार को वापस लौटा दिया है। उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में पारित संबंधित विधेयक 'झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांसतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022' की पुनर्समीक्षा करने को कहा है।

विधेयक लौटाते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार इस विधेयक की वैधानिकता की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करे कि यह संविधान के प्रविधानों एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप हो। उनके अनुसार, जब राज्य विधानसभा को यह शक्ति ही प्राप्त नहीं है कि वे ऐसे मामलों में कोई विधेयक पारित नहीं कर सकती है, तो इस विधेयक की वैधानिकता पर गंभीर प्रश्न उठता है।

राज्यपाल ने संविधान के अनुच्टेद 16(3) का हवाला देते हुए कहा कि मात्र संसद को यह शक्ति प्राप्त है कि वह विशेष प्रविधान के तहत अनुच्टेद 35 (ए) के अंतर्गत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्त लगाए। राज्य विधानमंडल को यह शक्ति प्राप्त नहीं है।

विधानसभा के विशेष सत्र में पारित इस विधेयक को राज्यपाल के अनुमोदन और उस पर राष्ट्रपति की सहमति के लिये भेजने के अनुरोध के साथ राजभवन को भेजा गया था। राज्यपाल द्वारा विभिन्न माध्यमों से की गई विधेयक की समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि संविधान के अनुच्टेद 16 में सभी नागरिकों को नियोजन के मामले में समान अधिकार प्राप्त है। सिर्फ संसद को यह शक्ति प्राप्त है कि वह विशेष प्रावधान के तहत नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्त लगाए।

इस विधेयक के अनुसार, स्थानीय व्यक्ति का अर्थ झारखंड का अधिवास (डोमिसाइल) होगा जो एक भारतीय नागरिक है और झारखंड की क्षेत्रीय और भौगोलिक सीमा के भीतर रहता है और उसका या उसके पूर्वज का नाम 1932 या उससे पहले के सर्वेक्षण, खतियान में दर्ज है। इसमें उल्लेख है कि इस अधिनियम के तहत पहचान किये गए स्थानीय व्यक्ति ही राज्य के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र होंगे।

राज्यपाल द्वारा विधेयक के लौटाने के पीटे यह भी तर्क दिया गया कि एवीएस नरसिम्हा राव एवं अन्य बनाम आंध्र प्रदेश एवं अन्य मामले में भी स्पष्ट व्याख्या की गई है कि नियोजन के मामले में किसी भी प्रकार की शर्त लगाने का अधिकार मात्र संसद में ही निहित है। इस प्रकार यह विधेयक संविधान के प्रविधान और उच्चतम न्यायालय के आदेश के विपरीत है।

झारखंड राज्य के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र है, जो पांचवीं अनुसूची के तहत आच्छादित होता है। उक्त क्षेत्रों में शत प्रतिशत स्थानीय व्यक्तियों को नियोजन में आरक्षण देने के विषय पर सर्वोच्च न्यायालय के संवैधानिक बेंच द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है।

उक्त आदेश में भी उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में नियुक्तियों की शर्त लगाने के राज्यपाल में निहित शक्तियों को भी संविधान की धारा 16 के विपरीत घोषित किया गया था। सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य के मामले में भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में राज्य द्वारा दिये गए शत प्रतिशत आरक्षण को असंवैधानिक घोषित किया गया था।

विधि विभाग द्वारा भी यह स्पष्ट किया गया था कि विधेयक के प्रविधान संविधान एवं सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विपरीत है। यह भी कहा गया था कि ऐसा प्रविधान सर्वोच्च न्यायालय एवं झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेशों के अनुरूप नहीं है। साथ ही ऐसा प्रविधान भारतीय संविधान के भाग तीन के अनुच्छेद 14, 15, 16 (2) में दिये गये मूल अधिकारों के खिलाफ है, जो भारतीय संविधान के अनुच्टेद 13 से भी प्रभावित होगा और अनावश्यक वाद-विवादों को जन्म देगा। राज्यपाल ने इसका भी जिक्र किया है।

# नींद आने पर ड्राइवर को अलर्ट करने वाले सिस्टम की तरफ बढ़ी सरकार

### तीन श्रेणी के वाहनों में लागू करने की तैयारी



**नई दिल्ली , एजेंसी।** वाहन चलाने के दौरान चालकों को झपकी आने पर संभावित दुर्घटना से सचेत करने के लिए वार्निंग सिस्टम की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने इसके मानकों का एक मसौदा तैयार किया है। पहले चरण में इसे एम, एन टू और एन थ्री श्रेणी के वाहनों में लागू करने की तैयारी है। गौरतलब है कि एम श्रेणी का आशय उन चौपहिया वाहनों से है जिनमें चालक के अलावा यात्री (आठ से कम) भी होते हैं, जबकि एन टू और एन थ्री वाहन सामान ढोने में इस्तेमांल होते हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आटोमोटिव इंडस्ट्री स्टैंडर्ड कमेटी (एआइसीएस) से चालकों को नींद आने की स्थिति में अलर्ट करने के लिए यूरोपीय देशों की तर्ज पर ड्राइवर ड्राजिनेस एंड अटेंशन वार्निंग (डीडीएडब्लू) सिस्टम के मानक तय करने के लिए कहा था। एआइसीएस ने जो मसौदा तैयार किया है, उसके अनुसार यह नया फीचर है, जिसे भारतीय बाजार में लागू किया जाना है। डीडीएडब्लू के मामले में यह सभी पक्षों के साथ सामूहिक रूप से सीखने का दौर है।

शुरुआती स्तर पर अगर यह सिस्टम 40 प्रतिशत सटीकता प्रदर्शित करता है तो इसे आगे बढ़ने के लिए बेहतर आधार माना जाएगा। अनुभव और तकनीकी प्रगति के साथ इस आधार मानक को आगे बढ़ाया जा सकता है। अभी जिन वाहनों के लिए इस सिस्टम के मानक तय किए जा रहे हैं, उनमें शहर के अंदर चलने वाली बसें, स्कूल बस, डबल डेकर बस, कंक्रीट मिक्सर, कूड़ा उठाने वाले वाहन शामिल नहीं हैं, लेकिन इन वाहनों के निर्माता भी इस सिस्टम को अपनाने के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

मसौदे के अनुसार डीडीएडब्लू सिस्टम के लिए तकनीकी आवश्यकता के रूप में वाहनों के एक्शन को ट्रिगर बिहैवियर को रेखांकित किया गया है, यानी वाहन के चलने के तरीके के आधार पर यह सिस्टम चालकों की स्थिति की निगरानी करेगा और चेतावनी का अलर्ट भेजेगा। डीडीएडब्लू सिस्टम ड्राइवर की नींद के स्तर की निगरानी करेगा और एक इंटरफेस के जरिये ड्राइवर को अलर्ट करेगा।

इस सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि वह सिस्टम में गलती की दर की आशंका को पूरी तरह दूर कर सके या फिर उसे न्यूनतम कर सके। यह सिस्टम दो तरह से ड्राइवर को सचेत कर सकता है। एक, स्क्रीन पर फ्लैश के जरिये और दूसरे, आडियो अलर्ट के रूप में। इस प्रकार का सिस्टम कई देशों में इस्तेमाल किया जाता है और उनमें अलग-अलग तकनीक का प्रयोग होता है। वाहनों की स्थिति के अलावा स्टीयरिंग पैटर्न और ड्राइवर की आंख और चेहरे की निगरानी भी इसके आधार होते हैं।

मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, इस सिस्टम से मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने में बहुत मदद मिलेगी, क्योंकि ड्राइवरों की पलक झपकना तब अत्यंत खतरनाक हो जाता है जब वाहन तेज गति से चल रहा हो।

अपने देश में इसका डाटा तो नहीं है कि ड्राइवरों को नींद आने के कारण कितनी दुर्घटनाएं हुईं, लेकिन यह समझा जा सकता है कि मध्य रात्रि से लेकर सुबह चार-पांच बजे तक जो हादसे होते हैं, उनमें एक बड़ा कारण ड्राइवर की पहल झपकना भी है।

# पिस्तौल गायब होने पर एसआई निलंबित

**लखनऊ (एजेंसी)।** कारतूस के साथ सर्विस पिस्टल गायब होने के बाद पुलिस सब-इंस्पेक्टर इरशाद अहमद को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। घटना 23 जनवरी की है, लेकिन मामला शनिवार को सामने आया। इस संबंध में यूपी 112 बाराबंकी के इंस्पेक्टर संजीव कुमार यादव ने मामला दर्ज कराया है।यादव ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी एस-1 इरशाद अहमद मसौली थाने में तैनात पीआरवी में तैनात है।23 जनवरी को यूपी 112 को संदेश मिला कि वह बाराबंकी के सफेदाबाद केवाड़ी मोड़ पर बेहोश होकर गिर गया है और वहां एक पीआरवी पहुंची।

शिकायतकर्ता ने कहा, इरश-ाद ने टीम को बताया कि उसे अचानक चक्कर आया और वह बेहोश हो गया। उसने कहा कि जिस बैग में उसने सर्विस पिस्टल और नकदी रखी थी, वह गायब है।24 जनवरी को इरशाद ने जांचकर्ताओं को बताया कि वह शाम करीब 6.45 बजे अपने घर से कार्यस्थल के लिए निकला था। 21 जनवरी को पिस्टल व कारतूस से भरा बैग बाइक के पीटे बांध दिया था। उसने इसे लगभग 7.45 बजे गायब पाया, जब वह लखनऊअयोध्या रोड पर कालिका हवेली के पास था। उन्होने कहा, इरशाद ड्यूटी खत्म होने के बाद शिफ्ट ड्यूटी के प्रभारी को सौंपी जाने वाली सर्विस पिस्टल ले जाने के नियमों का उल्लंघन करने का भी दोषी है।

## पिछले पांच वर्षों में भारत के पेटेंट पंजीकरण में 50 फीसदी की वृद्धि: पीएम मोदी

**नयी दिल्ली,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि देश में घरेलू स्तर पर दाखिल किए जाने वाले पेटेंट की संख्या विदेशों से दाखिल किए जाने वाले पेंटेंट से अधिक हो गई है और उन्हें विश्वास है कि श्तकनीकी दशक होने का भारत का सपना इन नवोन्मेषकों के दम पर पूरा होगा। मोदी ने नए साल में अपने पहले श्मन की बात कार्यक्रम में कहा कि यह देश की बढ़ती वैज्ञानिक क्षमता को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकियों के विकास वाले इस दशक के लिए श्तकनीकी दशक शब्द का पहले भी प्रयोग कर चुके हैं। इनमें से बहुत सारी प्रौद्योगिकियां भारत में ईजाद की गई हैं। मोदी ने कहा कि पेटेंट दाखिल करने के मामले में भारत का विश्व में स्थान सातवां है, जबकि ट्रेडमार्क पंजीकरण में वह पांचवें नंबर पर है।

## श्रीनगर के राजबाग में हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय पहुंची एनआईए की टीम

**श्रीनगर,एजेंसी** । आतंकवाद के वित्त पोषण से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम रविवार को यहां राजबाग स्थित हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने दावा किया कि एनआईए इस जांच के तहत हुर्रियत कांफ्रेंस के कार्यालय को सील कर सकती है।

# संसद के बजट सत्र में मुफ्त चावल योजना का मुद्दा उठाएगी बीजद

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाला बीजू जनता दल (बीजद) संसद के आगामी बजट सत्र के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 5 किलो मुफ्त चावल योजना को जारी रखने की मांग उठाएगा। पटनायक ने 31 जनवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए रणनीति तैयार करने के लिए शनिवार को बीजद संसदीय दल की बैठक की।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, बीजद सांसद पिनाकी मिश्रा ने कहारू केंद्र द्वारा 5 किलो मुफ्त चावल बंद करने से हमारे समाज के सबसे वंचित तबके के लोग प्रभावित हुए हैं। चूंकि केंद्र योजना पर लगभग 8,000 से 9,000 करोड़ रुपये का बहुत ही कम फंड खर्च करेगा, हम योजना को फिर से शुरू करने की मांग करेंगे।

उन्होंने मांग की कि इस योजना को तुरंत फिर से शुरू किया जाना चाहिए क्योंकि इसके बंद होने से न केवल ओडिशा बल्कि पूरे भारत में करोड़ों गरीब लोगों की खाद्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिश्रा ने कहा कि धान की खरीद पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों से संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने पर अधिक जोर देने को कहा है। बीजेडी नेता ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में एक दबाव समूह बनाने का निर्देश दिया है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस और डीएमके जैसे अन्य दलों के सांसद शामिल हैं, जिन्होंने केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बीजद के कदम का समर्थन किया है।

**सम्पादकीय**

## स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल

उत्तराखंड में निशुल्क एवं हाईटेक स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार व्यापक तौर पर चिकित्सकों को तैनात करती है लेकिन जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग निजी चिकित्सकों की सेवाओं पर निर्भर है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश में ना केवल बड़े-बड़े क्लीनिक और अस्पताल फल-फूल रहे हैं, बल्कि व्यापक तौर पर गली मोहल्लों में छोटे-छोटे क्लीनिक भी खुल गए हैं। अभी तक ऐसे छोटे-छोटे क्लीनिक को चलाने वाले चिकित्सकों की जांच को लेकर कोई बड़ी कार्रवाई नजर नहीं आई थी लेकिन पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड की एसटीएफ टीम ने जिस प्रकार से एक पूरे प्रकरण का खुलासा किया उसके बाद पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवाल खड़े हुए हैं। ना केवल उत्तराखंड की राजधानी देहरादून बल्कि प्रदेश के कोने कोने में ऐसे चिकित्सक क्लीनिक खोले बैठे हैं जिनके दस्तावेजों को लेकर कोई पुष्ट जानकारी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। इधर एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर के दो लोगों को बेनकाब किया तो पता चला कि इनके द्वारा फर्जी डिग्रियां खरीद कर सैकड़ों लोग चिकित्सक वन कर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस प्रकरण के सामने आने के बाद उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग भी निशाने पर है क्योंकि जिस प्रकार से इनमें से कुछ चिकित्सकों के रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया पूरी हुई है वह संदेहास्पद है। पुलिस ने प्रकरण की तह में जाने का प्रयास किया है एवं इसके बाद सामने आ रहा है कि 10 साल पहले इस तरह के रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की गई थी। इसमें मिलीभगत के काफी साक्ष्य भी पुलिस को मिल चुके हैं। जाहिर है बिना विभागीय कर्मचारियों के पंजीकरण होना आसान नहीं था लिहाजा अब ऐसे में जल्द ही इन अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ की जाएगी। झोलाछाप डक्टरों की जांच को लेकर पहले भी सवाल उठते आए हैं लेकिन विभाग की ओर से कभी कोई बड़ी मुहिम शुरू की गई हो ऐसा नजर नहीं आया। हो सकता है एसटीएफ ने यहां सक्रियता ना दिखाई होती तो शायद विभाग की नींद कभी खुलती ही नहीं। निश्चित तौर पर गली मोहल्लों के क्लीनिक सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं लेकिन इसके मायने यह नहीं है कि फर्जी डिग्री धारकों को कार्य करने की टूट दे दी जाए। इस प्रकार के प्रकरण सामने आने के बाद स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग को व्यापक तौर पर क्षेत्र में सभी निजी चिकित्सकों के दस्तावेजों की जांच करनी चाहिए बाकी लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ ना होने पाए।

# शराबबंदी : योजनाओं को सही दिशा देनी होगी

**विकास के प्रति संवेदनशीलता दर्शाने के बावजूद वे उत्पाद विभाग से प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये के राजस्व से हाथ धो चुके हैं। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वे शराबबंदी की सफलता के लिए विभाग को साधन संपन्न कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विभाग को उत्पाद कर्मी, वाहन, हथियार, ड्रोन, डग-स्क्वायड और सीक्रेट फंड दिल खोलकर दे रहे हैं, फिर भी शराब पीने, पिलाने, बेचने और बनाने पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? लिहाजा, यह सवाल तो समीचीन है कि आखिर कमी कहां रह गई है? राज्य में पिछले एक साल के दरमियान 1,55,868 लोगों को शराबबंदी कानून के तहत सजा सुनाई गई। इनमें 1,51,591 शराबियों ने दो सौ से पांच हजार रु पये तक का जुर्माना भरा जबकि 3622 अभियुक्तों को एक माह की सजा हुई। सवाल है कि करीब डेढ़ लाख अवैध शराब पीने, बनाने और बेचने वालों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी, घटनास्थल से हाजत और न्यायालय में पहुंचाने, उन्हें रखने और खिलाने तथा जमानत या जेल भेजने तक की लंबी प्रक्रिया में जो समय और साधन लगे, उसकी भरपाई क्या आदर्श बोल और नैतिक संतुष्टि से संभव है?**

**डा. भीम सिंह भवेश**

हफ्ते भर पहले बिहार में एक माह के अंदर दूसरी बार जहरीली शराब से हुई मौतों ने आमजन के साथ ही सरकार के माथे पर भी बल ला दिया है।

शराबबंदी के बावजूद लगातार हो रही मौतें सुशासन कुमार के लिए वाकई दुखती रग है। इस घटना ने पुनरू स्मारित करा दिया कि तमाम कोशिशों के बावजूद शराबबंदी का निर्णय क्या इस कदर जटिल हो गया है कि इसके सुलझने के आसार दूर तलक नहीं दिख रहे। गत दिसम्बर माह में छपरा में करीब 75 लोगों की मौत का आरोप लगाते हुए भाजपा ने सदन से सडक तक जबरदस्त हंगामा किया। इस सप्ताह सिवान में करीब दर्जनभर लोगों की मौत और कइयों की आंखों की रोशनी चली गई। स्वाभाविक है कि दुरूह जिंद्गी के हर पल, न भरने वाले जख्म को कुरेदते रहेंगे।

भारत में अवैध शराब से मौत मामले में बिहार एकलौता राज्य नहीं बल्कि ये मौतें उन प्रदेशों में भी होती हैं, जहां शराब पर प्रतिबंध नहीं है। वर्तमान में बिहार, गुजरात, मिजोरम, नागालैंड एवं लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों में शराब निषेध है। गुजरात में शराबबंदी के बावजूद सिविल अस्पताल से हेल्थ के आधार पर या दूसरे राज्यों के प्रवासी (जिन राज्यों में शराब प्रतिबंधित न हों) लोगों को परमिट के द्वारा शराब दी जाती हैं। भारत दुनिया में तेजी से बढ़ते शराब बाजारों में से एक है। यहां प्रति व्यक्ति औसतन 5.6 लीटर शराब का वार्षिक खपत है। भारतीय शराब का बाजार 8.8 प्रतिशत के सीएजीआर (कम्पाउन्ड एनिवल ग्रोथ रेट) से बढ़ रहा है। यहां 16.8 बिलियन लीटर की खपत है, जबकि व्हिस्की का सबसे बड़ा तथा आईएमएफएल (इंडियन मेड फरेन लिकर) बाजार का 60 प्रतिशत हिस्सा है।

नेशनल क्राइम रिकर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक पिछले 5 सालों में भारत में जहरीली शराब से 6172 लोगों की मौतें हुई। इनमें सर्वाधिक मौत की कहर मध्य प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं हरियाणा आदि राज्यों में बरपीं। देश में वषर्वार 2016 में 1050, 2017 में 1510, 2018 में 1365, 2020 में 947 और 2021 में 782 लोगों की जानें गई। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी जहरीली शराब से 3 सालों में करीब 260 लोगों की जानें गई हैं। एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि जिन प्रदेशों में शराब पर प्रतिबंध नहीं है, वहां शराब के नशे में ड्राइविंग करते हुए मौतों के आंकड़े काफी दुखद हैं। रिपोर्ट बताती है कि चाहे शराब प्रतिबंधित प्रदेश हों या प्रतिबंध मुक्त, हर जगह जहरीली शराब से मौत की घटनाएं घटी हैं। बिहार में राज्य के मुखिया नीतीश कुमार 2016 से शराबबंदी को लेकर देश स्तर पर चर्चा में बने हुए हैं। क्योंकि इस मुद्दे को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ चुके हैं।




विकास के प्रति संवेदनशीलता दर्शाने के बावजूद वे उत्पाद विभाग से प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये के राजस्व से हाथ धो चुके हैं। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद वे शराबबंदी की सफलता के लिए विभाग को साधन संपन्न कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विभाग को उत्पाद कर्मी, वाहन, हथियार, ड्रोन, डग-स्क्वायड और सीक्रेट फंड दिल खोलकर दे रहे हैं, फिर भी शराब पीने, पिलाने, बेचने और बनाने पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? लिहाजा, यह सवाल तो समीचीन है कि आखिर कमी कहां रह गई है? राज्य में पिछले एक साल के दरमियान 1,55,868 लोगों को शराबबंदी कानून के तहत सजा सुनाई गई। इनमें 1,51,591 शराबियों ने दो सौ से पांच हजार रु पये तक का जुर्माना भरा जबकि 3622 अभियुक्तों को एक माह की सजा हुई।

सवाल है कि करीब डेढ़ लाख अवैध शराब पीने, बनाने और बेचने वालों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी, घटनास्थल से हाजत और न्यायालय में पहुंचाने, उन्हें रखने और खिलाने तथा जमानत या जेल भेजने तक की लंबी प्रक्रिया में जो समय और साधन लगे, उसकी भरपाई क्या आदर्श बोल और नैतिक संतुष्टि से संभव है?

उत्पाद विभाग के साथ पुलिस, न्यायालय और जेल के कीमती वक्त का भी आकलन करना होगा, क्योंकि अदालतों में मुकदमों की अंबार लगा है। सभी जेलों में क्षमता से कई गुना ज्यादा बंदी पड़े हैं।

दाने-दाने को मोहताज गरीब परिवार के शराबी सदस्यों के लिए पांच हजार रुपये जुर्माने के साथ अदालती खर्च काफी कष्टदायी हो जाता है। ऐसे में सरकार को गरीब परिवारों के बीच रोजगार एवं प्रशिक्षण की वैकल्पिक व्यवस्था देकर उन्हें शराब बनाने और बेचने के धंधों से मोडना होगा।

शराबखोरी के विरुद्ध सघन जागरूकता के साथ धंधेबाजों की कमर तोडने के लिए कड़ी निगहबानी रखनी होगी। जिस जीविका की राज्य स्तर पर तारीफ की जा रही है, उसे महादलित टोलों में भी अपनी पैठ बनानी होगी। बैंक लोन लेने, फोटो खिंचाने और सैकड़ों में एक संगठन की क्रियाकलापों को आधार बनाकर बार-बार अपनी पीठ थपथपवाने से बाज आना होगा। राज्य के हजारों महादलित टोले अभी इनकी सक्रियता से अनिभज्ञ हैं। यानी सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने से कुछ हद तक शर्मनाक

# अंडरआर्म्स का कालापन कम करने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे



आजकल के फैशन के दौर में हर कोई कपड़ों के नए-नए ट्रेंड फलो करना चाहता है, जिसमें स्लीवलेस सबसे आम है। हालांकि, कुछ महिलाएं अंडरआर्म्स के कालेपन की वजह से स्लीवलेस कपड़े नहीं पहन पाती हैं। इसे कम करने के लिए आप अपनी त्वचा को बार-बार स्क्रब कर सकते, शेविंग करना छोड़ सकते और चमकदार त्वचा के लिए घरेलू उपचार कर सकते हैं। आइए आज अंडरआर्म्स के कालेपन को हल्का करने के लिए पांच घरेलू पैक बनाना जानते हैं।

बेसन और हल्दी का पैक

बेसन मृत त्वचा कोशिकाओं को खत्म करने में और त्वचा को निखारने में मदद करता है। वहीं हल्दी जीवाणुरोधी गुणों से भरपूर एक प्रातिक ब्लीचिंग एजेंट की तरह काम करती है। लाभ के लिए बेसन, हल्दी पाउडर, चावल का आटा, दूध और शहद को एक साथ मिलाकर चिकना पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को 10-15 मिनट तक अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं। इसके बाद गरम पानी से धो लें।

नारियल तेल और बेकिंग सोडा का पैक

नारियल तेल और बेकिंग सोडा का पैक आपके अंडरआर्म्स को स्क्रब करने और काले दाग-धब्बे को हटाने में मदद करता है। नारियल के तेल में विटामिन श्व होता है, जो त्वचा को निखारने में मदद करता है। यह आपके अंडरआर्म्स को पोषित और तरोताजा भी रखेगा। लाभ के लिए नारियल तेल, टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा को मिलाकर पेस्ट बना लें और फिर इसे अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं। 10-15 मिनट के बाद इसे ठंडे पानी से धो लें।

आलू के रस का पैक

आलू का रस अंडरआर्म्स के पिगमेंनटेशन और खुजली को कम करके त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक छिले हुए आलू को कद्दूकस कर लें और फिर उसका रस निकाल लें। इस रस को सीधे अपने अंडरआर्म्स पर लगाएं और 10-15 मिनट के बाद सामान्य पानी से धो लें। अंडरआर्म्स पर आलू के रस को हफ्ते में दो बार जरूर लगाएं। इससे आपको जल्दी फायदा होगा।

जैतून के तेल और ब्राउन शुगर का पैक

जैतून का तेल एंटी-अक्सीडेंट, पौष्टिक और हाइड्रेटिंग गुणों से भरपूर होता है। यह आपके अंडरआर्म की त्वचा को मुलायम बनाता है, जबकि ब्राउन शुगर त्वचा को स्क्रब करने और मृत त्वचा कोशिकाओं को खत्म करने में सहायक है। लाभ के लिए जैतून के तेल में ब्राउन शुगर डालें और फिर इसे अच्छी तरह मिलाएं। अब इसे नम अंडरआर्म त्वचा पर लगाएं और पांच मिनट तक स्क्रब करने के बाद पानी से धो लें।

मुल्तानी मिट्टी और नींबू के रस का पैक

मुल्तानी मिट्टी न केवल त्वचा पर जमा गंद्गी को हटाती है, बल्कि मृत त्वचा कोशिकाओं को भी स्क्रब करती है। इससे त्वचा में निखार आता है। वहीं नींबू के रस में साइट्रिक एसिड होता है, जो गंध पैदा करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद कर सकता है।

लाभ के लिए मुल्तानी मिट्टी पाउडर, पानी और नींबू का रस मिलाकर एक मुलायम पेस्ट बना लें। अब इसे अपने अंडरआर्म्स पर 10 मिनट तक लगाएं और

# देसी दवाए: वाजिब सवाल



आशंका यह है कि उन दवाओं से लाभ की जगह कुछ हानि हो जाए। यह सबक दुनिया भर के लिए है। पारंपरिक दवाओं को लोगों के विवेक पर छोड़ देना चाहिए, जबकि स्वास्थ्य नीति आधुनिक विज्ञान पर ही आधारित होनी चाहिए।

पारंपरिक चिकित्सा हर सभ्यता का हिस्सा रही है। जब तक आधुनिक विज्ञान का अस्तित्व सामने नहीं आया था, हर जगह लोग ऐसी दवाओं से अपना इलाज करते थे। यह नहीं कहा जा सकता कि आज के दौर में उन दवाओं की अहमियत खत्म हो गई है या उनकी कोई जरूरत नहीं है। इसके बावजूद उचित यही होगा कि लोग ऐसी दवाएं अपनाएं या नहीं, यह उन पर छोड़ दिया जाना चाहिए। जबकि आधुनिक चिकित्सा सबको उपलब्ध होनी चाहिए। तीन साल पहले कोरोना महामारी जब आई, तब भारत में भी ऐसी चिकित्सा चर्चा में आई थी और उस पर सवाल भी उठे थे। अब जबकि चीन महामारी से जूझ रहा है, तो वहां भी इस मुद्दे पर विवाद खडा हुआ है। अनुभव यह है कि जब दवाओं की कमी हो जाती है, तो सरकारें पारंपरिक दवाओं को प्रोत्साहित करने के नाम पर लोगों से उन पर निर्भर रहने की अपील करने लगते हैं।

कोरोना वायरस के खिलाफ एक अभियान के रूप में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पारंपरिक चीनी चिकित्सा को बढ़ावा दिया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारी अब कोरोना वायरस से लडने में इसकी ष्महत्वपूर्ण भूमिकाष बता रहे हैं। जबकि आलोचकों का कहना है कि यह शूडो साइंस है और वास्तविक बीमारी के इलाज में अप्रभावी है। इसके असर के दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है, क्योंकि इस पर बहुत कम डेटा उपलब्ध है। चीन दुनिया के कुछ सबसे पुराने समाजों में से एक है, जहां उपचार के पारंपरिक तरीकों, जड़ी-बूटियों और अन्य प्रातिक उत्पादों के उपयोग और मालिश से लेकर एक्यूपंक्चर और नपे-तुले आहार तक का अभ्यास किया जाता रहा है। लेकिन आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ इसे संदेह की दृष्टि से देखते हैं। उनके मुताबिक यह पता नहीं है कि ये उपचार प्रभावी हैं या नहीं, क्योंकि प्रयोगशालाओं में उनका अध्ययन या परीक्षण नहीं किया गया है। दरअसल इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि उन दवाओं से लाभ की जगह कुछ हानि हो जाए। तो यह सबक दुनिया भर के लिए है।

**कोरोना वायरस के खिलाफ एक अभियान के रूप में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पारंपरिक चीनी चिकित्सा को बढ़ावा दिया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारी अब कोरोना वायरस से लडने में इसकी ष्महत्वपूर्ण भूमिकाष बता रहे हैं। जबकि आलोचकों का कहना है कि यह शूडो साइंस है और वास्तविक बीमारी के इलाज में अप्रभावी है। इसके असर के दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है, क्योंकि इस पर बहुत कम डेटा उपलब्ध है। चीन दुनिया के कुछ सबसे पुराने समाजों में से एक है, जहां उपचार के पारंपरिक तरीकों, जड़ी-बूटियों और अन्य प्रातिक उत्पादों के उपयोग और मालिश से लेकर एक्यूपंक्चर और नपे-तुले आहार तक का अभ्यास किया जाता रहा है।**

पारंपरिक इलाज को लोगों के विवेक पर छोड़ दिया जाना चाहिए, जबकि स्वास्थ्य नीति आधुनिक विज्ञान पर ही आधारित होनी चाहिए।

# नीतीश-तेजस्वी क्या संकेत दे रहे हैं?

बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यू के नेता नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव क्या संकेत दे रहे हैं? नीतीश ने कांग्रेस पार्टी की ओर से दिया गया न्योता ठुकरा दिया है, जबकि तेजस्वी के जाने की भी संभावना नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्रीनगर में 30 जनवरी को होने वाले भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए दोनों पार्टियों को न्योता भेजा था। लेकिन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया। उन्होंने यात्रा की तारीफ की और शुभकामना दी लेकिन इसमें शामिल होने के सवाल पर कहा कि उनको नगालैंड में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करने जाना है।

सबको पता है कि यह एक बहाना है। फिर भी ललन सिंह ने एक बहाना देकर अपने को कांग्रेस के कार्यक्रम से दूर किया। लेकिन लगता है कि नीतीश कुमार को बहाना रास नहीं आया और इसलिए उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस का आंतरिक कार्यक्रम है और इससे जदयू का कोई मतलब नहीं है। वे विपक्ष के संभवतरू इकलौते बड़े नेता हैं, जिन्होंने राहुल के नेतृत्व में हो रही कांग्रेस की यात्रा के बारे में कोई सकारात्मक टिप्पणी नहीं की है और न बाकी विपक्षी नेताओं की तरह उन्होंने राहुल को शुभकामना आदि दी है। राजद के नेता भी अभी तक बाकी सहयोगियों की तरह कहीं यात्रा में शामिल नहीं हुए हैं।

सवाल है कि दोनों क्या संदेश देना चाहते हैं? कांग्रेस उनकी सरकार में शामिल है और वे कांग्रेस के साथ गठबंधन में दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नीतीश और तेजस्वी दिल्ली आए तो सोनिया गांधी से मिल कर गए थे। इसके बाद भी वे कांग्रेस से दूरी दिखा रहे हैं। नीतीश और तेजस्वी दोनों की पार्टी कांग्रेस की यात्रा से अभी तक दूर रहे हैं। क्या दोनों प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस को उसकी जगह दिखा रहे हैं ताकि कांग्रेस ज्यादा सीट न मांगे या किसी दबाव में दूरी बनाए हुए हैं?

# रात में सोने से पहले पीएं ये 5 तरह की चाय, आएगी सुकून भरी नींद

आजकल की व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपनी सेहत का ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में कई तरह की बीमारियां उन्हें घेर लेती हैं और फिर जिम्मेदारियों को पूरा करने की चिंता में वह रात में ढंग से सो भी पाते हैं। यदि आप भी इसी तरह की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं तो आइए आज पांच ऐसी चाय के बारे में जानते हैं, जिनके सेवन से आपको रात में सुकून भरी नींद आने में मदद मिलेगी।

**पुदीने की चाय**

पुदीने में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण होते हैं, जो मांसपेशियों में आई सूजन को कम करता है और शरीर को आराम पहुंचाता है। यदि आपको रात में जल्दी नींद नहीं आती है तो सोने से लगभग एक घंटे पहले पुदीने की चाय पी लें। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें पुदीने की पत्तियां, काली मिर्च पाउडर और काला नमक मिलाएं। अब कप में इसे छानकर गरमागरम पी लें।

**लैवेंडर टी**

लैवेंडर एक तरह की जड़ी-बूटी है, जिसका इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में किया जाता है। इसकी कलियों को उबालकर बनी चाय सुकून भरी और गहरी नींद लाने में मदद करती है। साथ ही यह



पाचन को भी दुरुस्त करती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें लैवेंडर के फूल डाल दें। अच्टे से पकने के बाद इसे कप में छान लें और अपने स्वादानुसार शहद डालकर पी लें।

**अश्वगंधा की चाय**

दिनभर के तनाव और एंग्जायटी के कारण भी रात में अच्टे से नींद नहीं आती है। ऐसे में आप अश्वगंधा की चाय का सेवन कर सकते हैं। इसमें ट्राइथिलीन ग्लाइकोल नामक यौगिक होता है, जिससे गहरी नींद आने में और स्ट्रेस फ्री होने में मदद मिलती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें दूध, चीनी और अश्वगंधा की पत्ती या पाउडर डालें। चाय को अच्टे से पकाएं और फिर इसे छानकर पी लें।

**कम कैफीन वाली ग्रीन टी**

नियमित ग्रीन टी पीने की तुलना में कम कैफीन वाली ग्रीन टी पीने से तनाव और थकान में कमी आती है। इसके साथ ही यह अनिद्रा की समस्या दूर करके अच्छी नींद लाने में भी मदद करती है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी को उबालें और फिर उसे एक कप में डाल दें। अब कम कैफीन वाले ग्रीन टी बैग को कप में डालें और करीब दो-तीन मिनट बाद इस हर्बल टी का सेवन करें।


**कैमोमाइल टी**

कैमोमाइल में एपिजेनिन नाम का फ्लेवोनोइड होता है, जो नींद के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करता है। इसके साथ ही इसका एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मांसपेशियों की सूजन को कम करता है और दिमाग को शांत करके अच्छी नींद दिलाने में मदद करता है। लाभ के लिए सबसे पहले पानी उबालें और फिर उसमें कैमोमाइल के फूल डाल दें। अच्टे से उबलने के बाद इसे बगैर छाने फूल सहित कप में डालें और स्वादानुसार शहद मिलाकर पी लें।

## कर्नाटक के साथ कश्मीर में चुनाव!

जम्मू कश्मीर में चुनाव की तैयारियां शुरू हो गईं। परिसीमन का काम पूरा हो गया और मतदाता सूची भी तैयार हो गई। नवंबर में ही बता दिया गया की मतदाता सूची का काम पूरा हो गया और करीब पौने आठ लाख नए वोट जुड़े हैं। पार्टियां मतदाता सूची देख कर अपनी आपत्तियां दर्ज कराएंगी और उस हिसाब से जरूरी बदलाव करके अंतिम सूची जारी हो जाएगी। भाजपा नेताओं ने बताना शुरू कर दिया है कि कब चुनाव होंगे। ध्यान रहे आजकल चुनाव आयोग से पहले भाजपा के नेता ही बता देते हैं कि कब चुनावों की घोषणा होगी और कब तक चुनाव की प्रक्रिय पूरी हो जाएगी। एकाध अपवादों को छोड़ दें तो ज्यादातर समय उनकी बात सही भी साबित हो रही है। बहरहाल, भाजपा के महासचिव और जम्मू कश्मीर में चुनाव का कामकाज देख रहे तरुण चुघ ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जो कहा है उसका लब्बोलुआब यह है कि मई में जम्मू कश्मीर में चुनाव हो सकता है। यानी जब पहाड़ पर बर्फ पिघलनी शुरू होगी तभी राजनीतिक बर्फ भी पिघलेगी और करीब चार साल से स्थगित राजनीतिक प्रक्रिया फिर शुरू होगी।

# खेल महाकुंभ : वालीबॉल और बास्केटबॉल में देहरादून बना चैंपियन



देहरादून। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ की बालक वॉलीबाल प्रतियोगिता में देहरादून ने अंडर–14 और अंडर–17 दोनों का खिताब जीता, जबकि अंडर–21 वर्ग में हरिद्वार ने बाजी मारी। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भी देहरादून ने जीत दर्ज की। परेड ग्राउंड में रविवार को वॉलीबॉल बालक अंडर–14 वर्ग में उधमसिंह नगर ने चमोली, देहरादून ने नैनीताल को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में देहरादून ने उधमसिंह नगर को 25–23 और 25–14 से शिकस्त दी। बालक अंडर–17 वर्ग में नैनीताल उधमसिंह नगर को 25–21, 25–22 और देहरादून पौड़ी को 25–12, 25–15 से हराकर फाइनल में पहुंचा। फाइनल में देहरादून ने नैनीताल को 25–18, 25–21 से हराया। बालक अंडर–21 वर्ग में टिहरी ने अल्मोड़ा को 25–20, 25–16 हरिद्वार ने चमोली को 25–19, 25–28, 15–8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हरिद्वार ने टिहरी को 28–26, 28–26 से हराकर खिताब कब्जाया। उधर, बास्केटबॉल की बालक अंडर–17 वर्ग में देहरादून ने हरिद्वार को 57–54 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। बालक अंडर–21 वर्ग में देहरादून ने हरिद्वार को 55–47 से हराकर खिताब जीता। इस दौरान वित्त नियंत्रक युवा कलयाण भास्करानंद पांडे, उप निदेशक शक्ति सिंह ने विजेता–उपविजेता टीमों को नकद धनराशि, मेडल, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र प्रदान किए। मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिद्वार मुकेश भट्ट, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मनोज कापड़ी, जगदीश नेगी, चतर लाल शाह, प्रदीप सिंह, अनूप चौधरी, संजय शर्मा, सीके नौटियाल, सुरेश बिजल्वाण, संजय गैरोला, किशन डोभाल आदि मौजूद थे।

# सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने को सबका साथ जरूरीः गामा

देहरादून। शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए समस्त शहरवासियों को आगे आना होगा। स्वच्छ वार्ड सुंदर दून अभियान के माध्यम से निगम लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। लोगों से अपील है कि वह कूड़ा सफाई वाहनों में डालें, पॉलीथिन का कम से कम इस्तेमाल करें। यह बात रविवार को मेयर सुनील उनियाल गामा ने इंद्रानगर वार्ड में सफाई अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों में नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में लगातार सुधार किया है। इस बार निगम ने टॉप 50 शहरों की सूची में देहरादून का नाम शामिल करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम जल्द वार्डों के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नए व आधुनिक सुविधाओं से लैस सफाई वाहन उपलब्ध करवाने जा रहा है। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए और भी कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। कैंट विधायक सविता कपूर ने श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया।

## युवा कांग्रेस आयोजित करेगी दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

देहरादून। युवा कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दो फरवरी से हरिद्वार के जयराम आश्रम में शुरू होगा। प्रशिक्षण शिविर में उत्तराखंड के सभी सात भारत यात्रियों का भी सम्मान किया जाएगा। युवा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी शिवा वर्मा ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दो फरवरी को सुबह नौ बजे शुरू होगा, जो अगले दिन शाम तीन बजे समाप्त होगा। प्रशिक्षण शिविर में संगठन राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,युवा कांग्रेस सह प्रभारी अभव्या चौहान सहित संगठन के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

# एमडी यूपीसीएल ने सभी फील्ड इंजीनियरों को दिए निर्देश मौके पर ही हो समस्याओं का निस्तारण

देहरादून। ऊर्जा निगम के विद्युत समाधार शिविरों में उपभोक्ताओं की समस्याओं के तत्काल निस्तारण पर एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार ने जोर दिया। सभी फील्ड इंजीनियरों को शिविरों की संख्या बढ़ाने और शिकायतों का तेजी के साथ निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। सभी इंजीनियरों को शिविरों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। एमडी यूपीसीएल ने बताया कि 23 जनवरी को राज्य स्तर पर विद्युत समाधान शिविरों का आयोजन शुरू हुआ। अभी तक सभी 13 जिलों में 400 स्थान पर शिविर लगाए जा चुके हैं। इन शिविर में 7000 उपभोक्ताओं ने हिस्सा लिया। कुल 2981 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 1704 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

अधिकतर शिकायतें नए बिजली कनेक्शन, बिल गड़बड़ी, मीटर खराब होने से जुड़ी रहीं। इसके अलावा बिजली लाइन शिफ्टिंग, लो वोल्टेज, खराब पोल को बदलने से जुड़ी रहीं। इन सभी शिकायतों का तय समय के भीतर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। इन शिविर में जूनियर इंजीनियर से लेकर मुख्य अभियंता स्तर के अफसरों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही शिविर में स्थानीय विधायक, प्रधान, पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। कहा कि मुख्यालय स्तर पर भी लगातार निगरानी की जा रही है।

उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के आदेशों का हो पालन

एमडी ने फील्ड के सभी इंजीनियरों को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के निर्देशों का भी गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि मंच के स्तर पर होने वाली सुनवाइ में एसडीओ स्तर के अफसर अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करें। आयोग के आदेशों का पूरी तरह पालन किया जाए। सुनवाई के दौरान पूरी तैयारी के साथ भाग लिया जाए। जरूरत पड़ने पर पैनल के वकीलों की भी मदद ली जाए।

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का तेजी के साथ निस्तारण किया जा रहा है।

## अवतार बने सेवा भारती बड़कोट के नगर अध्यक्ष

उत्तरकाशी। नगर पालिका के सरस्वती शिशु मंदिर बड़कोट में जिलाध्यक्ष शान्ति प्रसाद सेमवाल की अध्यक्षता में सेवा भारती की जिला कार्यकारिणी की बैठक आहुत की गई। जिसमें अवतार सिंह रावत को बड़कोट नगर और यमुनोत्री खंड के अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। बैठक में सेवा भारती द्वारा किए गए पिछले सामाजिक कार्यों की समीक्षा की गई और नगर व खंडों की कार्यकारिणी घोषित की गई।

# भाजपाइयों ने किया आगामी लोस और निकाय चुनावों पर मंथन

ऋषिकेश। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की रायवाला में शुरू हुई दो दिवसीय बैठक में भाजपा पदाधिकारियों ने आगामी लोकसभा चुनाव और निकाय चुनावों को लेकर मंथन किया। विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए चुनावों में जीत की रणनीति पर विचार किया गया। रविवार को रायवाला के एक रिसॉर्ट में भाजपा प्रदेश समिति की बैठक का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दीप जलाकर किया। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भांति यह राज्य की कार्यकारिणी की बैठक है। इसमें राज्य सरकार के कामकाज की समीक्षा के साथ ही आगे के तीन माह के कार्यों का निर्धारण होगा।प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव, निकाय चुनावों और सरकार की नीतियों को संगठन के माध्यम से जनता तक पहुंचाने, एक भारत श्रेष्ठ भारत, जी–20 की मेजबानी, मन की बात सहित अन्य कार्यक्रमों के लिए इसमें मंथन किया जा रहा है। कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विश्व बिरादरी में साख बढ़ी है। इससे पूर्व उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के जन कल्याण कार्यों से संबंधित एक प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। मौके पर संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश सहप्रभारी रेखा वर्मा, सह प्रभारी डॉ. कल्पना सैनी, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, अनिता राणा, विमला नैथानी आदि उपस्थित रहे।

# भारत को जोड़ो का संदेश हर वार्ड तक पहुंचाएगी कांग्रेस

देहरादून। देशव्यापी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत रविवार को महानगर कांग्रेस की ओर से कैंट विधानसभा के पंडितवाडी, वसंत विहार क्षेत्र में पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान भारत जोड़ो यात्रा का संदेश हर वार्ड तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों को सरकार बेचने में लगी है। महंगाई ने आम आदमी का जीवन दूभर कर दिया है। इन सब मुद्दों से जनता का ध्यान बंटाने के लिए देश को नफरत की आग में झोंकने का काम किया जा रहा है। गोगी ने कहा कि राज्य के



पर्वतीय क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। जोशीमठ का अस्तित्व संकट में है, सरकार को जनता की नहीं है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जो वातावरण पूरे देश में निर्मित हुआ है, उसको अब हर वार्ड हर घर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि पिछले चार वर्षों से पूरा देहरादून महानगर स्मार्ट सिटी के नाम पर बदरंग हो रखा है। सड़कें खुदी पड़ी हैं। शहर में पानी निकासी के लिए कोई ड्रेनेज प्लान नहीं है। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड में ट्रिपल इंजन की सरकार फ्लॉप हो चुकी है। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक तिवारी रहे। संचालन संजय शर्मा ने किया। इस मौके पर सोनिया आनंद, अभिषेक तिवारी, विजय प्रसाद भट्टराई, सूरज क्षेत्री, वींरेंद्र पंवार, फैसल, सरोज चौहान, सरस्वती, संगीता आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने की कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने की मांग

विकासनगर। ब्लॉक मुख्यालय स्थित कालसी के गांवों में कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके चलते लोग गांवों के सार्वजनिक मार्गों पर कूड़े को फेंक देते हैं। जिससे गांवों में गंदगी ढेर लगते जा रहे हैं। ब्लॉक मुख्यालय को जाने वाले मार्ग पर लगे कूड़े के ढेर आसपास के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने हैं।

कालसी ब्लॉक मुख्यालय के समीप हरिपुर, व्यासनहरी, तिलवाडी व कालसी ग्राम पंचायतें हैं। इन ग्राम पंचायतों में कूड़ा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके चलते ग्रामीण अपने घरों का कूड़ा सार्वजनिक मार्गों पर फेंक देते हैं। इसके चलते गांवों में गंदगी के अंबार लगे हैं।

# कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी दी

उत्तरकाशी। जिला जज उत्तरकाशी गुरुबख्श सिंह के मार्गदर्शन में डुंडा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम कमद में बहुउद्देश्यीय विधिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों व छात्रों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कमद में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता राणा चौहान की अध्यक्षता में आयोजित विधिक शिविर में ग्रामीणों व छात्रों को नशे से दूर रहने तथा यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई। साथ ही कानूनी अधिकारों के प्रति भी सचेत किया गया। सचिव राणा ने कहा कि युवाओं में नशे की प्रवृत्ति धीरे–धीरे बढ़ रही है। नशे को रोकने के लिए हम सबको मिलकर आगे आने की जरूरत है। ताकि हम अपनी युवा पीढ़ी को नशे से बचा सकें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण भी जोर दिया तथा ग्रामीणों से आसपास के क्षेत्र में जरूर पौधरोपण की अपील की। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गरीब लोगों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। शिविर में समाज कल्याण विभाग के द्वारा वृद्धा पेंशन, विधवा, दिव्यांग, किसान आदि पेंशन के फार्म वितरित किए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा जरूरी दवाइयां वितरित की गई।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने की जल्द अतिथि गृह का निर्माण पूरा करने की मांग

विकासनगर। लाखामंडल के धारा पुड़िया में पंद्रह वर्षों से अतिथि गृह का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है। जौनसार बावर जन कल्याण विकास समिति की अध्यक्ष बचना शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाया।



समिति की अध्यक्ष ने कहा कि धौरा पुड़िया के ग्रामीणों ने अतिथि गृह निर्माण के लिए जमीन इस शर्त पर दी थी कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लाखामंडल और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही अतिथि गृह बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया होते। लेकिन पंद्रह साल से अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया। अब पर्यटन विभाग आधा अधूरा बने अतिथि गृह को किराए पर संचालित करने की योजना बना रहा है। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से विज्ञप्ति जारी की गई है।

विज्ञप्ति जारी होने के बाद जिला पर्यटन अधिकारी और संबंधित ठेकेदार अतिथि गृह को मनमाने तरीके से संचालित कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं हो रहा है। पर्यटन विभाग के अतिथि गृह से पर्यटन व्यवसाय को भी फायदा नहीं हो रहा है। जबकि अतिथि गृह का उपयोग निजी कार्यो के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने कहा कि लाखामंडल क्षेत्र धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# जल सुरक्षा पर हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

देहरादून। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से वित्त पोषित परियोजना के तहत जल सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पंचायत भवन धर्मावाला में डीएवी, डीबीएस कॉलेज और हर्ष विद्या मंदिर महाविद्यालय रायसी हरिद्वार के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में दूषित जल से होने वाली बीमारियों को लेकर सचेत किया गया।

इस मौके पर प्रो. प्रशांत सिंह, डॉ. विकास कंडारी, डॉ. मंजू ने जल गुणवत्ता को लेकर जानकारी दी। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यशाला में 60 ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम के मन की बात सुनी

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। हरबर्टपुर और सुद्धोवाला में विधायकों ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की बातों को बड़े मनोयोग से सुना। रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के बारे में चर्चा की। रविवार को हरबर्टपुर में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुन रहे विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जमशेद जी टाटा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों की जानकारी दी, जिससे निश्चित तौर पर युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। कहा कि इस बार मन की बात में मोटा अनाज के महत्व पर भी अपनी बात रखी, जिससे युवा पीढ़ी अपने पारंपरिक खान पान को लेकर जागरूक होंगे। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री समाज के हर वर्ग के लोगों को प्रेरित करते हैं, जिससे सभी नागरिक देश के विकास में अपना योगदान दे सके। उन्होंने युवाओं को प्रधानमंत्री की बातों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। दूसरी ओर, सहसपुर विधानसभा के सुद्धोवाला में विधायक सहदेव पुंडीर ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आर्थिक, राजनैतिक स्थिति को सुधारने के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत को भी संभालने का काम कर रहे हैं। मन की बात के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने के साथ ही अपनी सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही पछुवादून, जौनसार बावर के प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष ऋषभ अग्रवाल, पिंकी देवी, नीरज थापा, राहुल पुंडीर, सुखदेव फर्सवाण, मुकेश भरतरी, जनार्दन जोशी आदि मौजूद रहे।

## अशोक जुयाल बने पिटकुल के मीडिया प्रभारी

देहरादून। पिटकुल में मीडिया प्रभारी का जिम्मा अब महाप्रबंधक मानव संसाधन अशोक जुयाल को सौंप दी गई है। अभी तक ये जिम्मेदारी महाप्रबंधक विधि, कंपनी सचिव प्रवीन टंडन देख रहे थे। अशोक जुयाल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी देने का आदेश एमडी पीसी ध्यानी की ओर से किया गया। यूपीसीएल में निदेशक प्रोजेक्ट अजय अग्रवाल और यूजेवीएनएल में विमल डबराल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

# आसमान में बादल छाये, पछुवादून से लेकर जौनसार बावर में ठंड बढ़ी

विकासनगर। पछुवादून में रविवार को अचानक मौसम ने करवट बदल ली है। रविवार सुबह से लेकर दिनभर पछुवादून से लेकर जौनसार बावर के आसमान में घने बादल छाये रहे। सर्द हवाओं के चलते क्षेत्र में तापमान गिर जाने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने अलाव और हीटर का सहारा लिया। वहीं पछुवादून के बाजारों से लेकर जौनसार बावर के बाजारों में ठंड के कारण सन्नाटा पसरा रहा। रविवार सुबह से ही मौसम ने करवट बदल दी है। पछुवादून से लेकर जौनसार बावर के आसमान में बादल छाये रहे। दिनभर बादलों के छाये रहने



के कारण सर्द हवायें चलती रहीं। जिससे क्षेत्र में फिर से कड़ाके की ठंड शुरू हो गयी है। सर्द हवाओं के चलने से ठंड हो गयी है। क्षेत्र में घने बादलों के छाये रहने से दिनभर बारिश व बर्फबारी के आसार बनते रहे। लेकिन बारिश और बर्फबारी नहीं हुई। वहीं तापमान गिरने और सर्द हवाओं के चलते लोग घरों में ही दुबके रहे। विकासनगर, सेलाकुई, सहसपुर, हरबर्टपुर, कालसी, जौनसार बावर के चकराता, साहिया, क्वांसी, लाखामंडल, त्यूणी आदि क्षेत्रों में बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। देर रात तक मैदानी क्षेत्रों में बारिश और जौनसार बावर की पहाड़ियों पर बर्फबारी होने के आसार बने हुए हैं। चकराता क्षेत्र में तापमान गिर जाने से अधिकतम तापमान दस डिग्री और न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि विकासनगर क्षेत्र में अधिकतम तापमान 17 डिग्री व न्यूनतम तापमान तीन डिग्री रहा।

## इंदिरानगर में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। इंदु देवी संगीत शिक्षा केंद्र की ओर से इंद्रानगर कॉलोनी के इंजीनियर एनक्लेव कम्युनिटी सेंटर में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैंट विधायक सविता कपूर और पार्षद मीरा कठैत ने किया। इसके बाद बच्चों ने मंगलाच्चारण, सरस्वती वंदना, कथक नृत्य और गणेश वंदना की प्रस्तुति दी।

शिवरंजनी, विनोद दत्ता, निरुपमा मिश्रा, सुस्मिता श्रीवास्तव, संचिता कनौजिया ने संगीत सुंदर प्रस्तुति दी। संस्था से जुड़े बच्चों ने कथक और भारतनाट्यम की नृत्य प्रस्तुति दी।

# चकराता के बर्फ से ढ़के पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ रहे पर्यटक

विकासनगर। बीते सप्ताह चकराता क्षेत्र में हुई बर्फबारी के बाद इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। रविवार को अवकाश होने के चलते सुबह से ही पर्यटकों की आमद शुरू हो गई थी। लगातार कई दिनों से पर्यटकों के आने से रेस्टोरेंट और होटल व्यावसायियों में खुशी है।

रविवार सुबह से ही चकराता और आसपास के क्षेत्रों में घने बादल छाए रहे। बावजूद इसके पर्यटकों के आने का सिलसिला जारी रहा। कुछ युवा साइकिल पर चढ़ाई चढ़ते हुए बर्फ से ढकी छोटी–छोटी पहाड़ियों से होते हुए मोयला टॉप पहुंचे। जहां युवाओं ने जमकर बर्फ का लुत्फ उठाया।



इसके साथ ही कनासर, देवबन, खडंबा, लोखंडी में जमी बर्फ का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। देहरादून से आए महेंद्र भंडारी, सुनील भट्ट, सारा अग्रवाल, भव्या गुप्ता, श्यामपुर के संजय, मोहित, दीपक ने बताया कि चकराता की हसीन वादियों अन्य पर्यटक स्थलों से ज्यादा सुकून देती हैं। सर्पीलीकार सड़कों पर सफर करते हुए चकराता पहुंचने पर सफर की थकान मिट जाती है। इसके साथ ही यहां सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा भी विहंगम होता है। रविवार शाम को भी मोयला टॉप से सूर्यास्त का विहंगम दृश्य देखकर पर्यटकों का मन प्रफुल्लित हो गया।

# ऑटो और विक्रम वाहनों के खिलाफ चला अभियान

देहरादून। संभागीय परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग करने वाले ऑटो और विक्रम वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। चार टीमों ने 65 वाहनों के चालान किए।

जबकि, छह वाहन सीज किए गए। इस कार्रवाई से बचने के लिए कई संचालक गलियों में वाहन खड़े करते दिखे। परिवहन विभाग ने दून–सहारनपुर मार्ग, राजपुर, चकराता, सहस्त्रधारा और रायपुर मार्ग पर ऑटो–विक्रम वाहनों की जांच की। आरटीओ (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि यात्रियों से ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर विशेष फोकस रहा। इस दौरान



कुल 97 वाहनों के चालान और 11 सीज किए गए। जिन वाहनों के चालान हुए, उनमें 65 ऑटो–विक्रम हैं। सीज वाहनों में भी छह ऑटो–विक्रम शामिल रहे। ज्यादातर विक्रम–ऑटो ओवरलोड मिले।

कुछ के प्रमाण पत्र पूरे नहीं थे तो कुछ ड्राइवरों के पास डीएल नहीं था। इसके साथ ही भविष्य में ज्यादा किराया नहीं लेने और ओवरलोडिंग नहीं करने की हिदायत दी गई। इस टीम में प्रवर्तन कर अधिकारी एमडी पपनोई, परीक्षित भंडारी, जितेंद्र बिष्ट शामिल थे।

# उत्तराखंड में ओबीसी ने की जनगणना कराए जाने की मांग

देहरादून। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ सत्यनारायण सचान ने उत्तराखंड में ओबीसी जनगणना कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में ओबीसी आबादी के अनुरूप 27 प्रतिशत आरक्षण को राज्य व केंद्र की सेवाओं में आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। रविवार को सपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में डॉ सत्यनारायण सचान ने कहा कि राज्य में लोगों को ओबीसी आरक्षण का लाभ पूरा नहीं मिल पा रहा है। सचान ने कहा कि मंडल आयोग के मानकों के अनुरूप प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में ओबीसी की पहचान कर उनको लाभ दिया जाए। उन्होंने बताया कि मंडल आयोग ने पर्वतीय जनपदों का सर्वेक्षण नहीं किया जिस वजह से पर्वतीय क्षेत्रों में लोगों को ओबीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। डॉ सचान ने इस दौरान राज्य में बिना अध्ययन बड़ी परियोजनाओं के निर्माण का विरोध करते हुए कहा कि सिर्फ वाह वाही लूटने के मकसद से राज्य में परियोजनाएं मंजूर न की जाएं। उन्होंने ऋषिकेश कर्णप्रयाग परियोजना के निर्माण से पहले अध्ययन कराए जाने की मांग की। सचान ने विधानसभा में 2016 तक की भर्तियों की भांति 2016 के बाद के कर्मचारियों का विनियमितीकरण की भी मांग करते हुए भविष्य में घोटाले की संभावनाओं को समाप्त करने की मांग की। उन्होंने राज्य का सैनिक कोटा बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव को मरणोपरांत पद्म विभूषण दिए जाने के लिए राष्ट्रपति का आभार जताया।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेंगे टॉप्स एथलीट




नयी दिल्ली ,। मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भारत सरकार की 'टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना' (टॉप्स) के 15 एथलीट मैदान पर उतर कर नवोदित एथलीटों को प्रोत्साहित करेंगे।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टॉप्स के तहत पहले से ही अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल कर चुके एथलीट यहां जमीनी स्तर के एथलीटों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करेंगे।

इन खिलाडियों में महाराष्ट्र के विशाल चांगमई, मंजिरी अलोन, अपेक्षा फर्नांडीस, आकांक्षा व्यवहारे, हरियाणा की रिद्धि, उन्नति हुड्डा, शिव नरवाल, तेजस्वनी, निश्चल, दिल्ली की पायस जैन और कर्नाटक की रिधिमा वीरेंद्रकुमार एवं यशस्विनी घोरपड़े सहित अन्य एथलीटों के नाम शामिल हैं।

विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, खरगोन (महेश्वर) और बालाघाट के अलावा नयी दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता में करीब छह हजार एथलीट हिस्सा लेंगे। यूथ गेम्स में कुल 27 विधाएं होंगी। इन खेलों के इतिहास में पहली बार वाटर स्पोर्ट्स को शामिल किया जा रहा है। इसके अलावा कैनो स्लैलम, कयाकिंग, कैनोइंग और रोइंग जैसे पानी के खेल भी साथ होंगे।

टॉप्स का मुख्य उद्देश्य एथलीटों को ओलंपिक और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में पदक जीतने के लिए वित्तीय सहायता और अन्य सहायता प्रदान करना है। साल 2020 में दस से 12 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को लक्षित करते हुए 2028 में ओलंपिक विजेताओं को तैयार करने के लिये टॉप्स की शुरुआत की गयी थी।

## बीसीसीआई ने वुमेंस प्रीमियर लीग के मुख्य प्रायोजन के लिये बोलियां आमंत्रित कीं

मुंबई ,। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अगले चार सत्रों के प्रायोजन के लिये बोलियां आमंत्रित की हैं।बोर्ड ने जारी विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई वुमेंस प्रीमियर लीग के 2023–2027 सत्रों के मुख्य प्रायोजन के लिये सम्मानित कंपनियों से बोलियां आमंत्रित करता है।बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा कि इस बोली लगाने की इच्छुक कंपनियों को एक लाख रुपये की राशि अदा करनी होगी, जिसके बाद उन्हें एक नीलामी दस्तावेज (आरएफपी) उपलब्ध करवाया जायेगा। इस दस्तावेज़ में नीलामी के लिये पात्र होने की आवश्यकताएं, बोलियां प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, शीर्षक प्रायोजक के अधिकार,दायित्व आदि जानकारियां उपलब्ध होंगी।बोली प्रस्तुत करने की इच्छुक किसी भी पार्टी के लिये आरएफपी खरीदना आवश्यक है। इसके बाद जो पार्टियां आरएफपी में निर्धारित मानदंड को पूरा करेंगी, वही बोली लगाने की हकदार होंगी। बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि केवल आरएफपी खरीदने से कोई पार्टी बोली लगाने का हकदार नहीं हो जायेगी।

# पांच दिवसीय हों रणजी के ग्रुप मुकाबले : रहाणे



मुबंई । मुंबई रणजी टीम के कप्तान और भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व उपकप्तान आंजिक्य रहाणे ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरण मुकाबलों को पांच दिन का करने की वकालत की है।

वर्तमान में रणजी ट्रॉफी के चर्टर फाइनल और उसके बाद के चरण के मुकाबले पांच दिन के होते हैं जबकि ग्रुप चरण के मुकाबले चार दिवसीय होते हैं। रणजी के मौजूदा सत्र में महाराष्ट्र के खिलाफ ड्रॉ खेलकर मुबंई टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।

रहाणे की टीम को चर्टरफाइनल में पहुंचने के लिये महाराष्ट्र पर जीत या पहली पारी में बढ़त की जरूरत थी। पहली पारी में स्कोर बराबर रहने के बाद मुंबई ने महाराष्ट्र को चौथे दिन ऑलआउट किया और उसे 28 ओवरों में 253 रन की जरूरत थी। अथक प्रयासों के बावजूद मुंबई 58 रन से पीछे रह गयी और 41 बार की विजेता का रणजी अभियान ग्रुप स्टेज में ही समाप्त हो गया।

रहाणे ने चार–दिवसीय प्रारूप पर खिन्नता व्यक्त करते हुए कहा, प्रथम श्रेणी क्रिकेट पांच दिवसीय होना चाहिये। हम पांच दिनों तक टेस्ट मैच खेलते हैं। पांच दिनों में परिणाम की संभावना लगभग तय है और आपको अधिक परिणाम मिलेंगे। चार दिवसीय मैचों में आपको वास्तव में परिणाम नहीं मिलते हैं।

उन्होंने कहा, मैं नहीं जानता कि इसे कैलेंडर में कैसे फिट किया जा सकता है लेकिन इतना तय है कि पांच दिवसीय क्रिकेट घरेलू क्रिकेटरों को प्रथम श्रेणी क्रिकेट की कठोरता का आदी बना देगा। अगर आप एक सत्र खेलते हैं, तो आप चार दिवसीय मैच बचा सकते हैं लेकिन अगर आपको तीन और सत्रों के लिये कड़ी मेहनत करने के लिये कहा जाता है तो इससे उन्हें बेहतर टेस्ट क्रिकेटरों को विकसित करने का अवसर मिलेगा। पांच दिनों के मैच में गेंद के साथ अनुशासन सरीखे तमाम कारकों का ध्यान रखा जा सकता है।

# विश्व कप में नौंवे स्थान पर रहा भारत

राउरकेला । मेजबान देश भारत ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के क्लासिफिकेशन मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 5–2 से हराकर टूर्नामेंट में नौंवा स्थान हासिल कर लिया।



बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को जगमग करते हुए अभिषेक (चौथे मिनट), हरमनप्रीत सिंह (11वें मिनट),

शमशेर सिंह (44वें मिनट), आकाशदीप सिंह (48वें मिनट) और सुखजीत सिंह (58वें मिनट) ने मेजबान टीम के गोल किये। दक्षिण अफ्रीका के गोल सैमकेलो विम्बी (48वां) और मुस्तफा कासिम (60वां मिनट) ने किये।

भारत इस जीत के साथ घरेलू सरजमीन पर हुए टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के साथ नौंवे स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने वेल्स के साथ 11वां स्थान साझा किया। नौवां स्थान हासिल करने की होड़ में भारत ने पहले मिनट से ही दक्षिण अफ्रीकी अर्द्ध में जगह बनाना शुरू कर दी। उन्हें इसका फल चौथे मिनट में तब मिला जब अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीकी अर्द्ध में गेंद को पाकर उसे नेट में दाग दिया। इस चर्टर में भारत विपक्षी टीम के लिये बहुत तेज साबित हुआ और उसने कई प्रयासों के बीच 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया। हरमनप्रीत ने इस कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

दो गोल की बढ़त लेने के बाद भारत ने दूसरे चर्टर में आक्रमकता के साथ तीन पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किये, हालांकि वह हाफ टाइम से पहले स्कोरबोर्ड में और कोई बदलाव नहीं कर सका।

हाफ टाइम के बाद दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर खेल दिखाते हुए पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। अमित रोहिदास को 33वें मिनट में येलो कार्ड देखकर 10 मिनट के लिये फील्ड से बाहर जाना पड़ा, जिसके कारण भारतीय रक्षण से एक खिलाड़ी कम हो गया।

## एरिना सबालेंका ने जीता करियर का पहला ग्रैंड स्लैम, फाइनल में एलिना रिबाकिना को दी मात

मेलबर्न ,। बेलारूस की एरिना सबालेंका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सांस रोक देने वाले फाइनल मुकाबले में कज़ाकस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।

रॉड लैवर एरिना पर ढाई घंटे से ज्यादा चले महिला एकल मुकाबले में सबालेंका ने गत विंबलडन चैंपियन रिबाकिना को 4–6, 6–3, 6–4 से मात दी। पहला सेट हारने के बाद सबालेंका ने मुकाबले में शानदार वापसी की और मज़बूत फोरहैंड से खेलते हुए रिबाकिना की मुश्किलें बढ़ाईं। सबालेंका ने तीसरे सेट में 5–4 की बढ़त लेने के बाद 40–30 पर मैच पॉइंट हासिल कर लिया। रिबाकिना गेम को 40–40 की बराबरी पर लाईं, लेकिन इससे वह सबालेंका की यादगार जीत को कुछ देर के लिये ही टाल सकीं।

# धोनी से सीखा शांत रहना, खुद पर भरोसा करना : जादरान

शारजाह । एमआई अमीरात इंटरनेशनल लीग टी–20 में ताबड़तोड़ प्रदर्शन के बूते टूर्नामेंट के स्टार खिलाड़ी बन कर उभरे अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जादरान ने भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अपना आदर्श बताया है।





जादरान ने रविवार को डिजर्ट वाइपर्स के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं धोनी को अपना आदर्श मानता हूं। कोई भी पारी का अंत उस तरह नहीं कर सकता जैसा वह करते थे। मैंने उनसे सीखा। मैंने 2015 के विश्व कप में धोनी से बात की थी, जहां उन्होंने मुझे शांत रहने और दबाव की स्थिति में भी खुद पर विश्वास रखने के लिये कहा था। मैं अब भी उस सलाह पर विश्वास करता हूं और उसका पालन करता हूं।

अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में इससे पहले एमआई अमीरात को वाइपर्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। अफगान स्टार नजीबुल्लाह जादरान ने जीत का भरोसा जताते हुएकहा कि अमीरात ने पिछली हार से सबक लिया है और अब वह रविवार को होने वाले मुकाबले में वापसी को तैयार है।

अफगानिस्तान के 29 वर्षीय हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा, सभी मैच महत्वपूर्ण होते हैं। हमारा लक्ष्य शीर्ष दो में स्थान बनाना है। यहां से हमें अब हर मैच जीतना होगा। मुझे अपनी टीम पर भरोसा है कि वह यह कर सकेगी।

आईएलटी20 में जादरान ने दुबई कैपिटल्स के खिलाफ 22 जनवरी को खेले गये मैच में मात्र नौ गेंद पर 30 रन ठोक कर सनसनी फैला दी थी।

उन्होंने इस पारी के बारे में कहा, मुझे शारजाह में खेलना पसंद है। यह हमारा घरेलू मैदान है। मैंने शारजाह में काफी खेला है, जहां आपके पास दो तरह की पिचें होती हैं। गेंद एक पिच पर नीची रहती है, लेकिन दूसरी में आपके पास अपने शॉट खेलने का लाइसेंस होता है, वह भी छोटी बाउंड्री के साथ। शारजाह में खेलने में मजा आता है।

एमआई अमीरात फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। एमआई अमीरात ने अब तक तीन मैच जीते हैं। अमीरात की कोशिश रविवार को जीत के साथ अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने की होगी।

## फिल्मी सफर

# पुष्पाः द रूल की शूटिंग के लिए द बॉयज में शामिल होंगी रश्मिका मंदाना



मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने 2021 की ब्लॉकबस्टर पुष्पा : द राइज के सीक्वल को लेकर अपडेट दिया है। एक्ट्रेस ने शेयर किया कि द बॉयज अल्लू अर्जुन और अन्य कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, वह अगले महीने शूटिंग में शामिल होंगी। उन्होंने कहा, बॉयज ने शूटिंग शुरू कर दी है, और मैं अगले महीने शूटिंग में शामिल हो जाऊंगी, मैं इसको लेकर काफी उत्साहित हूं! सेकंड हाफ को लेकर सुकुमारल (डायरेक्टर) सर इन चीजों के साथ कैसे आ रहे हैं, इसके बारे में सोचकर वास्तव में दिमाग हिल गया है, क्योंकि अगर आप फर्स्ट हाफ को देखते हैं, तो आपको ऐसा लगता है कि यह कहानी ही है। उन्होंने आगे एफसी फ्रंट रो पर बात करते हुए कहा, सेकंड पार्ट पहले पार्ट की तुलना में अधिक रोमांचक है, जिसे देख आप कह उठेंगे वाह, अब यह कुछ शानदार है! उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि पुष्पा 1 के हम सभी एक्टर्स ने पहले पार्ट में अपना काम देखा है, और अब हम इस बात को लेकर अधिक स्पष्ट हो गए है, हमें अपने परफॉर्मेंस को बदलने की जरुरत हैं। मुझे लगता है कि सेकंड हाफ में परफॉर्मेंस अधिक मजेदार होने वाली हैं। और हां दोस्तों, यह कमाल होने वाला है।

## ब्लू आउटफिट में हंसिका मोटवानी ने दिए सिजलिंग पोज, तस्वीरों ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी अभी लेटेस्ट तस्वीरों से सोशल मीडिया पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही हैं। ब्लू आउटफिट ऑफ शोल्डर में एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। ब्लू कलर की ऑफ शोल्डर डीपनेक आउटफिट में तहलका मचाती नजर आ रही हैं। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी बेहद ही शानदार लग रही हैं। एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ओपन हेयर स्टाइल और न्यूड मेकअप में बेहद ही बोल्ड और हॉट लग रही हैं।

डायमंड नेकलेस के साथ ही एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी अपनी थाई हाई स्लिट ड्रेस में लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी की शादी की खबरे भी इन दिनों सुर्खियों की वजह बनी हुई है। हंसिका मोटवानी लेटेस्ट आउटफिट में धमाल मचाती नजर आ रही हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर रहे हैं। सोफे पर लेटकर एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने कई सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं।

एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में शाका लाका बूम बूम, कोई मिल गया जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

# अंजलि अरोड़ा ने अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर खुलकर की बात

लॉक अप फेम अंजलि अरोड़ा ने अपने अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में खुलकर बात की और साझा किया कि अनावश्यक ट्रोलिंग से निपटना कितना कठिन है। उन्होंने साझा किया, जब किसी के साथ कुछ भी गलत होने की बात आती है, तो बहुत सारे बुद्धिजीवी लोग अपने विचार और अनुभव सामने रखते हैं, लेकिन जिस क्षण वे समाज से दूर हो जाते हैं और अपने सोशल मीडिया को खोलते हैं, उनके परिपक्व खुले, समझदार विचार गायब हो जाते हैं और उनके पास केवल अभद्र भाषा, अपमानजनक शब्द रह जाते हैं।



उन्होंने ऑनलाइन ट्रोल होने के बाद गंभीर मानसिक बीमारी का सामना करने की बात भी कही।

उन्होंने साझा किया, हां, ट्रोलिंग मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करती है और यह किसी के जीवन को गहराई तक परेशान कर सकती है। मैं यह अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैंने ट्रोलिंग का सामना किया है, जिसने न केवल मुझे बहुत रुलाया बल्कि मुझे सोचने पर भी मजबूर किया।

अंजलि काफी लंबे समय से डिप्रेशन का सामना कर रही हैं। दरअसल, एक बार उन्होंने एक रियलिटी शो में खुलासा किया था कि उन्होंने 11वीं कक्षा में आत्महत्या का प्रयास किया था।

मैं बहुत लंबे समय से, लगभग कुछ महीनों से डिप्रेशन में हूं। मेरे दिमाग में बस एक ही बात चल रही थी, ये चीजें मेरे साथ क्यों हो रही हैं और मुझे जीवन में ऐसी चीजों का सामना क्यों करना पड़ रहा है। लेकिन उन चीजों के बारे में बोलकर अपने करीबियों के लिए, मैंने खुद को स्थिर किया और इतना प्रयास करने और खुद को अधिक समय देने के बाद, मैं मजबूत हो गई और मैं उत्साह से भरे जीवन में वापस आ गई।

अवसाद और मानसिक बीमारी से निपटने के उपायों के बारे में बात करते हुए अंजलि ने निष्कर्ष निकाला, हर किसी के लिए एक ही समाधान नहीं है क्योंकि सभी के जीवन में, संघर्ष, परिवेश, सोच, मानसिक स्वास्थ्य और समस्याएं एक जैसी नहीं होती हैं।

# 21 साल की उम्र में अवनीत कौर ने फिर लगाया बोल्डनेस का तडका़

एक्ट्रेस अवनीत कौर पिछली काफी टाइम से लगातार अपनी बोल्ड और हॉट तस्वीरें शेयर करने के चलते लाइमलाइट में हैं। वह लगातार सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और हॉट तस्वीरें शेयर कर रही हैं। कुछ समय पहले तक सुपर क्यूट वाले कमेंट पाने वाली अवनीत अब कभी बिकिनी तो कभी ट्रेडिशनल लुक्स में अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उनकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर अपने सिजलिंग लुक्स से इस कदर फैंस को अपना दीवाना बनाने में लगी हुई हैं कि लोग उनकी तारीफ करने से कभी पिछे नहीं हटते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एनिमल प्रिंट जंपसूट आउटफिट में बेहद ही क्लासी फोटोज शेयर की हैं। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस अवनीत कौर ने ब्लैक कलर का जैकेट कैरी किया है। एक्ट्रेस अवनीत कौर अपनी इन तस्वीरों में डीप नेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवाती हुई दिखाई दे रही हैं। अपने बालों को बांध कर साथ ही



डार्क रेड कलर की लिप्सटिक लगा कर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपनी इन तस्वीरों को ओर भी ज्यादा अट्रेक्टीव बनाया है। इन फोटोज में एक्ट्रेस अवनीत कौर अलग–अलग पोज देते हुए सिजलिंग अदाओं का जलवा बिखेर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस को उनका ये लुक बेहद पसंद आता है।

# रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग खत्म, शिल्पा शेट्टी ने दी जानकारी

अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी पहली वेब सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। अब शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने रोहित और क्रू के साथ पोज देते हुए इसे अपनी ड्रीम टीम बताया। शिल्पा ने लिखा, यात्रा का अंत होना अच्छा है, लेकिन यह यात्रा है जो अंत में मायने रखती है। रोहित शेट्टी इस यात्रा को इतना यादगार बनाने के लिए शुक्रिया।इस सीरीज के सभी बड़े एक्शन सीन रोहित खुद डायरेक्ट करेंगे। इसमें सिद्धार्थ, विवेक ओबेरॉय और शिल्पा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इंडियन पुलिस फोर्स का प्रीमियर ह्लअ्र



प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। हालांकि, अभी इसकी रिलीज डेट की घोषणा होना बाकी है। सिद्धार्थ इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं। इस वेब सीरीज के साथ ही रोहित भी ओटीटी की दुनिया में एंट्री कर रहे हैं।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338